दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी

केएच 237 से निर्देशन की पारी शुरू करेंगे .....

नॉर्मल तरीके से साड़ी पहनकर .....

वर्ष : 10 अंक : 37 लखनऊ, 16 जनवरी, मंगलवार 2024 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

पीएम-जनमन : मोदी ने लाभार्थियों को जारी की पहली किस्त

पहले सिर्फ कागजों पर ही चलती थी सरकारी योजनाएं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार (15 जनवरी) को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के 1 लाख लाभार्थियों को प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) के तहत पहली किस्त जारी की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने पीएम-जनमन के लाभार्थियों से बातचीत भी की। मोदी ने इस दौरान कहा कि इस समय देश में उत्सव का माहौल है। उत्तरायण, मकर संक्रांति, पोंगल, बिहू...त्योहारों की उमंग चारों तरफ छाई हुई हैं। इस उत्साह को आज के आयोजन ने और शानदार और जानदार बना दिया है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज एक ओर जब अयोध्या में दीपावली मनाई जा रही है, तो दूसरी ओर एक लाख अति पिछड़े मेरे जनजातीय भाई-बहन जो मेरे परिवार के ही सदस्य हैं, ये मेरे जनजातीय परिवार, अति पिछड़े जनजातीय परिवार उनके घर दिवाली मन रही है, यह अपने आप में मेरे लिए बड़ी खुशी है। उन्होंने कहा कि आज जिनके बैंक खाते में पक्के घर के लिए पैसे ट्रांसफर किए जा रहे हैं। मैं इन सभी सपरिवारों को बधाई देता हूं, मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देता हूं। मुझे विश्वास है कि इस साल की दीपावली आप अपने घरों में जरूर मनाएंगे, पक्का कर लीजिए कि इस बार की दीपावली आपको अपने नए घर में मनानी है।

मोदी ने कहा कि अभी कुछ दिन बाद 22 जनवरी को रामलला भी अपने भव्य और दिव्य मंदिर में हमें दर्शन देंगे। मेरा सौभाग्य है कि मुझे राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में बुलाया गया है। जब आपने मुझे इतना बड़ा दायित्व दिया है तो मैंने भी 11 दिन व्रत अनुष्ठान का एक संकल्प किया हुआ है। उन्होंने कहा कि आज की राज-कथा बिना गरीब, बिना वंचित, बिना वनवासी भाई-बहनों के कल्याण के संभव ही नहीं है। इसी सोच के साथ हम लगातार काम कर रहे हैं। हमने 10 साल गरीबों को समर्पित किए। गरीबों को 4 करोड़ से अधिक पक्के घर बनाकर के दिए हैं। जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं, उनको मोदी आज पूछता भी है और पूजता भी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाएं अति पिछड़े जनजातीय भाई-बहन तक पहुंचें, यही पीएम जनमन महाअभियान का उद्देश्य है। सरकार पूरी ताकत लगा रही है कि हमारे अति पिछड़े जनजातीय भाई-बहनों तक सरकार की हर योजना जल्द से जल्द पहुंचे। मेरा कोई अति पिछड़ा भाई-बहन अब सरकार की योजना के लाभ से छूटेगा नहीं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मोदी की गारंटी,

यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी। इसी कड़ी में आज आप सभी अति पिछड़े जनजातीय भाई-बहनों को पक्के मकान देने की शुरूआत हुई है। उन्होंने कहा कि पहले सरकारी योजनाएं सिर्फ कागजों पर ही चलती रहती थी और असली लाभार्थियों को पता ही नहीं चलता था। जिनको पता चल भी जाता था तो उनको कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। अब पीएम जनमन महा अभियान में हमारी सरकार ने ऐसे सभी नियम बदल दिए हैं, जिससे आपको परेशानी होती हो।

गोरखनाथ मंदिर में बाबा को सीएम योगी ने चढ़ाई आस्था की पवित्र खिचड़ी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार भोर में चार बजे शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ को नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई और लोकमंगल की कामना की। गोरक्षपीठाधीश्वर के बाद नेपाल राजवंश की ओर से खिचड़ी चढ़ाई गई। फिर नाथ योगियों, साधु संतों ने खिचड़ी चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इसके साथ मंदिर के गर्भगृह के कपाट को आमजन के लिए खोल दिया गया। गोरखनाथ मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु महायोगी को खिचड़ी चढ़ाने के लिए उमड़े हैं।

मकर संक्रांति पर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने नाथपंथ की परंपरा के अनुसार जमीन पर बैठ कर गुरु गोरखनाथ को प्रणाम कर आदेश लिया। फिर विधिविधान से पूजन कर गोरक्षपीठ की ओर से श्रीनाथ जी को खिचड़ी चढ़ाई। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर शिवावतार गुरु गोरखनाथ को लोक आस्था की खिचड़ी चढ़ाने लाखों श्रद्धालु कड़ाके की ठंड के बीच गोरखनाथ मंदिर में उमड़े हुए हैं।

सुख समृद्धि एवं आरोग्य की मंगलकामना को लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार समेत अन्य राज्यों और पड़ोसी देश नेपाल से आए श्रद्धालुओं ने सीएम योगी द्वारा बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी भोग अर्पित करने के बाद कतारबद्ध होकर श्रद्धा की खिचड़ी निवेदित करनी शुरू की है। यह सिलसिला लगातार जारी है। श्रद्धालु मंदिर परिसर में स्थित सभी देवी देवताओं के विग्रहों का पूजन कर ब्रह्मलीन महंत बाबा गंभीरनाथ, ब्रह्मलीन महंत दिग्विजनाथ एवं ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेक आशीर्वाद भी ले रहे हैं। गुरु गोरखनाथ की जय जयकार से पूरा मंदिर प्रांगण गूंज रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व सहूलियत को लेकर मंदिर व जिला प्रशासन की ओर से मुकम्मल इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद सभी व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए हैं।

मौसम अधिकतम तापमान 17.c

न्यूनतम तापमान 8.c

बाजार

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 71,657.71 / 21,618.70

संक्षिप्त समाचार

राम मंदिर आंदोलन सभी के साथ न्याय सुनिश्चित करने के लिये : नितिन गडकरी

नई दिल्ली, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को इस बात पर जोर दिया कि अयोध्या आंदोलन सिर्फ एक मंदिर के लिए नहीं बल्कि किसी का तुष्टिकरण किये बिना सभी के साथ न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक जागरूकता अभियान था और उन्होंने कहा कि हिंदुत्व का इतिहास हमारे देश का इतिहास है। वरिष्ठ भाजपा नेता नागपुर में एक पुस्तक विमोचन समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। गडकरी ने कहा कि भाजपा के दिग्गज नेता लालकृष्ण आडवाणी की रथ यात्रा अयोध्या में राम मंदिर के मुद्दे को देश में सबसे आगे लेकर आयी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अशोक सिंघल, वरिष्ठ भाजपा नेता उमा भारती, साध्वी ऋतंभरा और कई साधुओं तथा शंकराचार्यों ने इसके लिए संघर्ष किया। गडकरी ने कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन सिर्फ एक मंदिर के बारे में नहीं था। उन्होंने कहा, यह प्रयास भारत के इतिहास, संस्कृति और विरासत को गौरव एवं सम्मान वापस दिलाने के लिए थे। गडकरी ने कहा कि जहां भगवान राम का जन्म हुआ था, वहां राम मंदिर की मौजूदगी देश में रहने वाले सभी लोगों के लिए गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा, इसलिए, यह मुद्दा सांप्रदायिक या जाति-संबंधी नहीं है। यह राष्ट्रीय है। उन्होंने कहा, लोग अब खुश हैं कि भगवान राम के जन्मस्थान पर एक भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है और हम सभी को 22 जनवरी को दर्शन करने का अवसर मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, अतीत में राजनीतिक लाभ के लिए धर्मनिरपेक्ष शब्द की गलत व्याख्या की गई थी।...लेकिन हमारा समाज आनुवंशिक रूप से धर्म निरपेक्ष है। धर्म निर्पेक्षता का अर्थ है सर्व धर्म समभाव।

लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी बसपा

गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं अखिलेश यादव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने सोमवार को बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि उनकी पार्टी कोई गठबंधन नहीं करेगी और अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने दोहराया कि मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि बहुजन समाज पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी, किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी।

मायावती ने कहा कि लोगों को गरीबी से ऊपर उठाने और उन्हें रोजगार प्रदान करने के बजाय, केंद्र और राज्य (यूपी) सरकारें उन्हें कुछ मुफ्त राशन प्रदान कर रही हैं और उन्हें अपना गुलाम बनाने की कोशिश कर रही हैं। हालाँकि, यूपी में हमारी सरकार ने लोगों को सशक्त बनाने के लिए रोजगार उपलब्ध कराया। अखिलेश यादव ने गिरगिट की तरह रंग बदला। उन्होंने कहा कि पूरे देश में बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जो बाबा साहेब के बनाये कायदे-कानूनों पर चलती है। कांग्रेस भाजपा और उसके सहयोगियों, बड़े व्यापारियों की पक्षधर है। अति पिछड़ों को उनका हक नहीं मिल रहा है और आरक्षण का लाभ नहीं मिल रहा है। सभी लोगों से अपील है कि वे बसपा से जुड़ें और उसे सत्ता तक पहुंचाएं, ताकि उनका हक मिल सके।

मकर संक्रांति पर करीब 21 लाख लोगों ने संगम में डुबकी लगाई

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के पावन संगम में स्नान के साथ माघ मेला सोमवार से शुरू हो गया और करीब 21 लाख लोगों ने स्नान किया। मेलाधिकारी दयानंद प्रसाद के मुताबिक, सोमवार शाम छह बजे तक लगभग 20 लाख 90 हजार श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई। उन्होंने बताया कि रविवार की रात से ही श्रद्धालुओं का मेला क्षेत्र में आना जारी रहा जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हैं। पूरे मेला क्षेत्र में जगह जगह लोगों ने स्नानार्थियों के बीच खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। तीर्थ पुरोहित आचार्य राजेंद्र मिश्र ने बताया कि मकर संक्रांति में स्नान का मुहूर्त कल रात्रि दो बजकर 42 मिनट पर सूर्य के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश के साथ शुरू हुआ और यह आज सूर्यास्त तक रहा।

उन्होंने बताया कि चूंकि माघ मेला सर्दी के मौसम का मेला है, इसलिए कड़ाके की ठंड पड़ने के बावजूद स्नानार्थियों के उत्साह में कोई कमी नहीं रही और लोग आज तड़के से ही स्नान कर पुण्य के भागी बने। मिश्र ने बताया, ह्लमान्यता है कि प्रयागराज के माघ मेले में मकर संक्रांति पर गंगा स्नान के लिए सभी 33 कोटि देवी-देवता भी अदृश्य रूप में यहां आते हैं। इसलिए देश के कोने कोने से लोग गंगा यमुना और अदृश्य सरस्वती की पावन धारा में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं। ह्ल जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि स्नान के दौरान किसी तरह की अनहोनी से बचने के लिए 11वीं वाहिनी एनडीआरएफ वाराणसी की दो टीमें घाटों पर तैनात की गई हैं। मेलाधिकारी प्रसाद ने बताया कि मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत, पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, कुम्भ मेलाधिकारी विजय किरण आनंद, डीआईजी (माघ मेला) डॉ. राजीव नारायण मिश्र और जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल निरंतर भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। उन्होंने बताया कि माघ मेले को 786 हेक्टेयर क्षेत्रफल में आयोजित किया गया है और पांच सेक्टरों में बांटा गया है। उनके मुताबिक, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आठ प्रमुख घाट बनाए गए हैं जिनकी लंबाई लगभग 3300 फुट है और आगे स्नान पर्वों पर इन घाटों की संख्या बढ़ाई जाएगी। उन्होंने बताया, ह्ल इसके अलावा, नदी पार करने की सुविधा के लिए छह पांटून पुल बनाए गए हैं और 3.5 किलोमीटर डीप वाटर बैरीकेडिंग की गई है। मेले में अपनों से बिछड़े लोगों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए सात खोया पाया केंद्र स्थापित किए गए हैं। अधिकारी ने बताया कि मेला क्षेत्र में 18,000 स्ट्रीट लाइट लगाई गई हैं और दो अस्पताल खोले गए हैं।

असम ने धूमधाम से मनाया माघ बिहू

नौ वर्ष बाद हुआ बुलबुल की लड़ाई के पारंपरिक खेल का आयोजन

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, असम में लोगों ने भव्य भोज के आयोजन के साथ भेला घर और मेजिस को जलाया तथा खेती और फसल से जुड़ा उत्सव माघ बिहू मनाया। राज्य में लगभग नौ वर्षों के बाद सोमवार को पारंपरिक बुलबुल पक्षियों की लड़ाई का पारंपरिक खेल भी आयोजित किया गया। माघ बिहू को भोगली बिहू भी कहा जाता है। इसे असमिया माह पुह (दिसंबर-जनवरी) के तहत फसलों की कटाई के मौसम के समापन का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर भोज का आयोजन किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर असम के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, फसल की सुंदरता हर किसी के जीवन में आशा और खुशी लेकर आये।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी असम के लोगों को बधाई देते हुये कहा, यह उत्सव सभी के जीवन में सुख और समृद्धि प्रदान करे। असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने लोगों से अपील की कि राज्यभर में प्रेम और आपसी सम्मान के संदेश को बढ़ावा देकर एकजुटता को मजबूत करें। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने उम्मीद जताई कि माघ बिहू सकारात्मक ऊर्जा का संचार करके सुख, शांति और अपार समृद्धि का संदेश लाएगा। उन्होंने कहा, खेतों में लहलहाती सुनहरी नयी फसलें राष्ट्र तथा राष्ट्रवासियों के जीवन को रोशन करें। मैं भोगली की प्रचुरता और परिपूर्णता से सभी लोगों के बीच सद्भाव की भावना को मजबूत करने की कामना करता हूं।

जलवायु सेवाओं के लिए IMD ने लॉन्च किया राष्ट्रीय ढांचा, उपराष्ट्रपति धनखड़ ने गिनाई उपलब्धियां

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जलवायु खतरों और चरम मौसम की घटनाओं से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए नेशनल फ्रेमवर्क ऑफ क्लाइमेट सर्विसेज लॉन्च किया है। रूपरेखा का उद्देश्य कृषि, स्वास्थ्य, ऊर्जा और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों के लिए विज्ञान-आधारित जलवायु निगरानी और भविष्यवाणी सेवाओं के उत्पादन और वितरण को मजबूत करना है। आईएमडी ने 'मौसम' नामक एक मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया और पंचायत मौसम सेवा जैसी नई पहल का अनावरण किया। पृथ्वी विज्ञान मंत्री ने कहा कि आईएमडी ने पिछले पांच वर्षों में गंभीर मौसम की घटनाओं की अपनी पूर्वानुमान सटीकता में 40% सुधार किया है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, जिन्होंने सोमवार को एक कार्यक्रम में औपचारिक रूप से आईएमडी के वार्षिक समारोह की शुरूआत की, ने आईएमडी का मोबाइल ऐप, 'मौसम' भी लॉन्च किया, जो मौसम कार्यालय द्वारा दी जाने वाली सभी सेवाओं को एकीकृत करता है और पंचायत मौसम सेवा और एनएफसीएस जैसी नई पहलों का अनावरण किया।

धनखड़ ने पूर्वानुमानों की गुणवत्ता में भारी सुधार के लिए मौसम कार्यालय की सराहना करते हुए कहा कि आईएमडी का प्रभाव महज मौसम पूर्वानुमानों से आगे निकल गया है और एक सुरक्षा जाल के रूप में उभरा है, जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा करता है और नागरिकों को प्रकृति के प्रकोप से बचाने में मदद करता है।

जम्मू-कश्मीर में छद्म युद्ध से निपट रही सेना, पाकिस्तान का नाम लिए बिना आर्मी चीफ ने साधा निशाना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पाकिस्तान के अप्रत्यक्ष संदर्भ में सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कहा कि भारतीय सेना और सुरक्षा बल जम्मू-कश्मीर में छद्म युद्ध से पेशेवर दृष्टिकोण के साथ निपट रहे हैं। सेना दिवस की पूर्व संध्या पर ऑल इंडिया रेडियो पर प्रसारित एक संदेश में जनरल पांडे ने कहा कि आंतरिक इलाकों में छद्म युद्ध का मुकाबला करने में, हमारा पेशेवर दृष्टिकोण और अन्य सुरक्षा बलों के साथ समन्वित अभियान जारी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीय सेना सीमाओं पर मजबूत स्थिति बनाए हुए है और किसी भी प्रकार के खतरे से निपटने और हर कीमत पर देश की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

भारतीय सेना को एक स्थिर और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है, जो देश की प्रगति को निर्बाध रूप से जारी रखने के लिए महत्वपूर्ण है। सेना प्रमुख के अनुसार, भारतीय सेना के जवानों की क्षमता विकास उपलब्धियां 'आत्मनिर्भरता' के अनुरूप थीं, जिसके लिए वह पूरी तरह से प्रतिबद्ध थे। उन्होंने कहा कि आधुनिक, चुस्त, अनुकूली और प्रौद्योगिकी-सक्षम, भविष्य के लिए तैयार बल बनने की दिशा में परिवर्तन हमारे परिवर्तन रोडमैप के हिस्से के रूप में जारी रहेगा।

जनरल पांडे ने कहा कि भारतीय सेना 2024 को 'प्रौद्योगिकी अवशोषण वर्ष' के रूप में मनाएगी एक विषय जो परिवर्तनकारी परिवर्तन के लिए उत्प्रेरक के रूप में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के उसके फोकस और प्रयास को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों के प्रति भारतीय सेना की प्रतिबद्धता एक "पवित्र" जिम्मेदारी है।

दुश्मन से नफरत नहीं, देश प्रेम की वजह से आखिरी सांस तक लड़ता है भारतीय सैनिक : राजनाथ सिंह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारतीय सैनिक दुश्मन से नफरत की वजह से अपनी आखिरी सांस तक नहीं लड़ता है, बल्कि देश प्रेम के कारण वह लड़ता है। लखनऊ में आयोजित सैन्य और युद्ध प्रदर्शन शौर्य संध्या को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, भारतीय सैनिक जब अपनी आखिरी सांस तक दुश्मन से लड़ता है, तो वह इसलिए नहीं लड़ता क्योंकि वह दुश्मन से नफरत करता है, बल्कि वह इसलिए लड़ता है क्योंकि वह अपने देश से प्यार करता है ह्ल उन्होंने कहा, ह्लयही देशभक्ति उसके अंदर साहस की ऐसी भावना भरती है, जिससे प्रेरणा पाकर वह अपने प्राणों तक को दांव पर लगाने में भी पीछे नहीं हटता। रक्षा मंत्री ने कहा, राष्ट्र प्रेम की जब बात आती है, तो मुझे ऐसा लगता है कि इस बारे में हमारे सैनिकों का बखान शब्दों से तो किया ही नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा, किसी भारतीय सैनिक के अंदर देश प्रेम की कैसी लहर दौड़ रही है, इस बात का परिचय आपको करगिल की वह चोटियां देंगी, जहां पर सांस लेने के लिए ऑक्सीजन तक की कमी है, लेकिन हमारे सैनिक इस मातृभूमि के प्रति अपने प्रेम के कारण वह कष्ट भी हंसते-हंसते सह रहे हैं। सैनिकों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, राष्ट्रभक्ति साहस व मानवता जैसे मूल्य भारतीय सैनिकों में अंतर्निहित हैं। उन्होंने कहा, यह भारतीय सैनिकों की मानवता है कि 90,000 से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों के आत्मसमर्पण के बावजूद, हमने उनके साथ कभी दुर्व्यवहार नहीं किया। हमने हमेशा उन सैनिकों के साथ उसी तरह व्यवहार किया, जैसे एक इंसान दूसरे इंसान के साथ करता है। रक्षा मंत्री ने भारतीय सैनिक के अद्वितीय चरित्र के बारे में बात की, जो देश के सांस्कृतिक मूल्यों में निहित है।

उन्होंने देशभक्ति, साहस, मानवता और भारतीय संविधान के प्रति निष्ठा को एक सैनिक के चार सबसे महत्वपूर्ण गुण बताए। सिंह ने कहा कि भारतीय सैनिक संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन और राहत एवं बचाव अभियानों में भी योगदान देते हैं। मंत्री ने कहा, हमारे अपने पड़ोस में, हम सेना और उनके संवैधानिक मूल्यों के बीच अलगाव देख सकते हैं। लेकिन, संवैधानिक मूल्यों के प्रति भारतीय सेना की भक्ति अतुलनीय है ह्ल सिंह ने यह भी कहा, सरकार सिर्फ वर्तमान सैनिकों के लिए ही नहीं, बल्कि भूतपूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए भी पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। चाहे वह वन रैंक, वन पेंशन की बात हो, उनके लिए स्वास्थ्य सुविधा मुहैया करने की बात हो, उनके पुनःनियोजन की बात हो या फिर उनके सम्मान की बात हो, हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) जी के नेतृत्व में जब से हमारी सरकार आई है, तब से हमने सेना के सुदृढ़ीकरण की ओर विशेष ध्यान दिया है। दिल्ली से बाहर थल सेना दिवस मनाए जाने का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा, कई वर्षों से थल सेना दिवस मनाया जाता रहा है। इस परंपरा में हमने बदलाव किया और प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से अब सेना दिवस दिल्ली से बाहर दूसरे शहरों में भी आयोजित किया जा रहा है। इस साल सेना दिवस परेड के लिए लखनऊ को आयोजन स्थल के रूप में चुना गया है।

नाबालिग को बहला फुसला कर भागा ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

सरोजनीनगर, लखनऊ।मूलरूप से भदोही जिले व वर्तमान में सरोजनीनगर इलाके में रहकर मजदूरी करने वाले एक व्यक्ति ने भदोही जिले के सुरियाँवा स्थित गदधरा - ज्ञानपुर निवासी प्रिंस उपाध्याय के खिलाफ 14 वर्षीया बेटी को बहला फुसला कर भाग ले जाने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।पीड़ित मजदूर का कहना है कि वह अपने परिवार सहित एयरपोर्ट पर रहकर एक प्राइवेट कंपनी में मजदूरी करता है। उसका आरोप है कि प्रिंस उपाध्याय बीती 11 जनवरी को अपराह्न करीब 11 बजे उसकी 14 वर्षीया बेटी को शादी के लिए बहला फुसला कर कहीं भाग ले गया। फिलहाल सरोजनीनगर पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी व किशोरी की तलाश कर रही है।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने प्राचीन मंदिर में की साफ -सफाई

मोहनलालगंजेप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंदिरो की साफ-सफाई के आव्हान पर सोमवार को केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने अपने संसदीय क्षेत्र मोहनलालगंज के बिंदौवा गांव के प्राचीन झंडेश्वर मंदिर में भाजपा नेता सतीश शुक्ला समेत ग्रामीण के साथ पहुंचकर मंदिर के अंदर व परिसर की साफ-सफाई कर पूजा अर्चना की।केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त होने जा रही है अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रभु श्री राम भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व तक देश के तीर्थ स्थानों एवं मंदिरों की साफ-सफाई करने और स्वच्छता का अभियान चलाने की अपील की है।मंत्री ने मौजूद लोगो से कहा कि मंदिर जनमानस की आस्था के केंद्र हैं।उन्हें स्वच्छ और सुंदर रखना हमारी आप सबकी जिम्मेदारी है केन्द्रीय राज्यमंत्री ने क्षेत्रीय लोगो से 22फरवरी को अपने घरो में दीप जलाकर दीपावली मनाने की अपील की।

अज्ञात ट्रैक्टर व चालक के खिलाफ स्कूटी में टक्कर मारने की रिपोर्ट दर्ज

सरोजनीनगर लखनऊ।बिजनौर के नक्श सिटी निवासी रिहान्शु श्रीवास्तव ने अज्ञात ट्रैक्टर व चालक के खिलाफ स्कूटी में टक्कर मार कर बहन को घायल करने की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।रिहान्शु का कहना है कि बीती 13 जनवरी की सुबह करीब 10 से 11 बजे के बीच उसकी बहन रुचि श्रीवास्तव अपनी स्कूटी से बाजार के लिए जा रही थी।तभी रास्ते में सरवन नगर के पास किसी अज्ञात ट्रैक्टर ने उसकी स्कूटी में जोरदार ठोकर मार दी और घटना अंजाम देकर ट्रैक्टर चालक वाहन सहित वहां से भाग निकला। इस हादसे में रुचि गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलावस्था में उसका शारदा नगर के रतन खंड स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। बिजनौर पुलिस इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ट्रैक्टर व उसके चालक का पता लगा रही है।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने चौपाल लगाकर दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोदी वैन सोमवार को मोहनलालगंज क्षेत्र के भसंडा गांव पहुंची जहाँ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताने के बाद दर्जन भर पात्रों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया।मोहनलालगंज के ग्राम भसंडा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोदी वैन ग्राम प्रधान ललित शुक्ला द्वारा आयोजित चौपाल में पहुंचे स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।केंदीय राज्यमंत्री ने कहा कि भारत में विकास नया कीर्तिमान बना रहा है गांव से लेकर शहर तक एक समान रफ्तार दी जा रही है। डबल इंजन की सरकार की योजानाओ का लाभ सीधे अन्तिम पायदान पर खड़े आदमी को मिले इसी के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है।उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि आपके द्वार आकार आप सभी पात्रों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए ये मोदी वैन आप सभी के बीच में आकर मौके पर ही पात्र लोगो को लाभ मुहैया करा रही है।कार्यक्रम में नौनिहाल बच्चे का अन्नप्राशन भी मुख्य अतिथि द्वारा कराया गया।केंद्रीय राज्यमंत्री ने मौजूद महिलाओ से अपील भी किया कि आगामी 10फरवरी को मोहनलालगंज विधान सभा क्षेत्र में महिला सेमी क्वाटर दौड़ का आयोजन किया जायेगा।जिसमें क्षेत्र की महिलाओ को साड़ी पहन कर दौड़ना होगा जो देश की पहली दौड़ होगी जिसमे ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल होकर भागीदारी दे।उन्होने कहा दौड़ की विजेता महिलाओ को नगद पुरूस्कार से सम्मानित किया जायेगा।केंदीय राज्यमंत्री ने खेतो में कीटनाशक नैनो उर्वरक के छिड़काव के लिए बनाए गए ड्रोन सिस्टम का डेमो भी लिया।जो लगभग 5 मिनट में एक एकड़ खेत में खाद एवं कीट नाशक दवाओं का छिड़काव कर सकता है।केन्द्रीय राज्यमंत्री ने चौपाल में मौजूद ग्रामीणो को भारत को विकसित बनाने की शपथ भी दिलाई।

इस मौके पर तहसीलदार आनंद तिवारी,प्रधान ललित शुक्ला,भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ जिला संयोजक अशोक तिवारी,पूर्व जिला महामंत्री बलीराम वर्मा, बीडीओ पूजा सिंह, एडीओ अशोक यादव,साकेत त्रिपाठी,आर के शुक्ला,सतीश शुक्ला,गोविंद तिवारी,शिव नारायण बाजपेयी,भाजपा नेता विकास सिंह,भाजयुमो जिलाध्यक्ष धीरू पाण्डेय,नगर पंचायत प्रतिनिधि अजय पांडे,श्रीनाथ तिवारी,उमाशंकर त्रिवेदी,भाजपा नेता हंसराज, आशुतोष शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

बरवलिया व कुशमौरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज के बरवलिया व कुशमौरा गांवो में सोमवार को विकसित भारत भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित कर ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की ग्रामीणो को जानकारी दी। कुसमौरा में 180 मीटर इंटर लॉकिंग मार्ग का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल द्वारा फीता काट कर किया गया। उक्त कार्यक्रमो में मंडल अध्यक्ष निगोहा दीपू बाजपेई, मंडल महामंत्री अंजनी शुक्ला, एससी मोर्चा के पूर्व जिला मंत्री हंसराज रावत, प्रधान प्रतिनिधि दीपक कुमार, प्रधान टबरवलिया त्रिवेणी प्रसाद, बीडीसी मनोज कश्यप व प्रभु दयाल, वीरेंद्र अवस्थी, श्रीधर अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद साहू सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थिति रहे।

युवान संस्थान ने जरूरतमंदों हेतु कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया

अमन लेखनी समाचार

नगराम-समेसी गांव में मकर सक्रांति के पावन पर्व पर युवान संस्थान द्वारा आयोजित जरूरतमंदों हेतु कंबल वितरण का आयोजन किया गया जिसमें युवान संस्थान के अध्यक्ष विजय चौधरी संरक्षक अम्बुज त्रिपाठी, अरविंद अवस्थी एवं संजय चौधरी द्वारा दीप प्रवज्लवन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया युवान संस्थान के अध्यक्ष विजय चौधरी ने बताया कि गांव के ही 225 व्यक्तियों को कंबल वितरण कराया गया कार्यक्रम में उपस्थित डॉ अरुण कुमार द्विवेदी अरविंद साहू, संत शरण मौर्य रंजीत यादव सहित युवान संस्थान के सभी पदाधिकारी एवं संचालक मंडल के सदस्य शामिल रहे

दबंगों ने ट्यूबवेल का पानी सड़क पर भरा, विरोध करने पर पीटा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक गांव निवासी व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उसी गावं के कुछ दबंग लोग ट्यूबवेल का पानी सड़क पर बहा रहे थे। जिससे सड़क पर कीचड़ होने के साथ ही आसपास के घरों में भी पानी भरने लगा। ग्रामीणों ने जब इसका विरोध किया तो विपक्षी वह मारपीट पर उतारू हो गए। विवाद ज्यादा हो तो दबंगों ने गांव के ही दो युवकों की जमकर पिटाई कर दी। जिससे दोनो गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुची पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया जहां उसकी हालत गम्भीर देख चिकित्साओं ने ट्रामा सेंटर रिफर कर दिया। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह के अनुसार मलिहाबाद थाना क्षेत्र के हसनापुर गांव निवासी अजय कुमार का आरोप है कि रविवार की सुबह वह अपने घर के बाहर खड़ा था। तभी गांव के ही अमन, अतुल, अमरचन्द्र, शिवा ,सुशील ,दिलीप, बहादुर, नरेश, कृष्णकुमार व अजय प्रकाश गांव के किनारे अपने खेत पर आये और ट्यूबवेल चलाने लगे। जिसका पानी गांव की नाली में छोड़ दिया। नाली ओवरफ्लो गयी तो पानी सड़क पर बहने लगा और देखते ही देखते पूरी सड़क पर कीचड़ फैल गया। यह देख उसने उक्त लोगों से ट्यूबवेल बंद करने को कहा लेकिन वह नही माने और गाली गलौज करने लगे और सभी ने एक राय होकर उसको व गांव के ही भारती की पिटायी कर दी। पीड़ितों का कहना है कि आरोपियों ने लाठी डंडे व लोहे की रॉड से हमला कर दिया जिससे उनका सिर फट गया है। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

मंदिर में स्थापित होगी योगीराज की प्रतिमा : रोज 18 घंटे काम कर सात माह में गढ़ी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कर्नाटक के मशहूर मूर्तिकार अरुण योगीराज की मूर्ति रामलला के दरबार में विराजेगी। अरुण रोजाना 18 घंटे काम करते थे, करीब सात महीने में उन्होंने रामलला की अचल मूर्ति गढ़ी है। रोजाना काम शुरू करने से पहले राम जी की आरती-पूजा व हनुमान चालीसा का पाठ करते थे।15-15 दिन तक परिवार से बात नहीं करते थे। सात महीने के कठिन परिश्रम ने अरुण योगीराज का मान आज पूरे विश्व में बढ़ा दिया है। अरुण योगीराज मूलतः कर्नाटक के मैसूर से हैं। उनके परिवार में एक से बढ़कर एक मूर्तिकार रहे हैं। उनकी पांच पीढ़ियां मूर्ति बनाने या तराशने का काम कर रही हैं। अरुण योगीराज के दादा बसवन्ना शिल्पी भी जाने-माने मूर्तिकार थे। उन्हें मैसूर के राजा का संरक्षण हासिल था।अरुण को बचपन से ही मूर्ति बनाने का शौक था। अरुण ने एमबीए किया है। इसके बाद वो एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने लगे,

लेकिन मूर्तिकला को नहीं भूल पाए। आखिरकार साल 2008 में जॉब छोड़कर उन्होंने मूर्तिकला में कॅरियर बनाने का रिस्क लिया। उनका रिस्क सफल रहा। वे देश के जाने माने मूर्तिकार बन गए।

चयनित मूर्ति की 9 विशेषताएं

-श्याम शिला की आयु हजारों साल होती है, यह जल रोधी होती है।

-चंदन, रोली आदि लगाने से मूर्ति की चमक प्रभावित नहीं होगी।

-पैर की अंगुली से ललाट तक रामलला की मूर्ति की कुल ऊंचाई 51 इंच है।

-चयनित मूर्ति का वजन करीब 150 से 200 किलो है।

-मूर्ति के ऊपर मुकुट व आभामंडल होगा।

-श्रीराम की भुजाएं घुटनों तक लंबी हैं।

-मस्तक सुंदर, आंखे बड़ी और ललाट भव्य है।

-कमल दल पर खड़ी मुद्रा में मूर्ति, हाथ में तीर व धनुष होगा।

-मूर्ति में पांच साल के बच्चे की बाल सुलभ कोमलता झलकेगी।

पहले ये मूर्तियां बना चुके हैं योगीराज

-केदारनाथ में आदि शंकराचार्य की 12 फीट ऊंची प्रतिमा

-मैसूर में स्वामी रामकृष्ण परमहंस की प्रतिमा

-मैसूर के राजा की 14.5 फीट ऊंची सफेद अमृत शिला प्रतिमा

-मैसूर के चुंचनकट्टे में हनुमान जी की 21 फीट ऊंची प्रतिमा

-संविधान निमार्ता डॉ. बीआर आंबेडकर की 15 फीट ऊंची प्रतिमा

गांवों में चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।स्वच्छ भारत मिशन के तहत विशेष व्रहद स्वच्छता अभियान की शुरूआत कर दी गई है इस अभियान में ग्राम पंचायत गांवों में सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई की गई। स्वच्छ भारत मिशन के तहत मलिहाबाद विकासखंड के महदोइया, भोगलामऊ, टिकैतगंज भतोइया में व्रहद स्वच्छता अभियान के तहत इस अभियान में ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मियों ने गांव में साफ सफाई कर कूड़े के निर्धारित स्थान पर निस्तारण किया गया यह अभियान 22 जनवरी तक चलेगा। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी के निर्देशन में सफाई के दौरान नाले नालियों में फांसी पॉलिथीन को बाहर निकाल सफाई की गई साथ ही गांवों में स्थित मंदिरों की साफ सफाई भी की जा रही है यह अभियान निरंतर 22 जनवरी तक चलता रहेगा।

बुद्धेश्वर ओवरब्रिज पर पलटा मछली लदा ट्रक



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। पारा के बुद्धेश्वर ओवरब्रिज पर रविवार रात मछली लदा ट्रक पलट गया। जिससे बॉक्स में भरी मछलियां सड़क पर फैल गई। हादसे में घायल हुए ड्राइवर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इंस्पेक्टर बृजेश वर्मा के मुताबिक आंध्र प्रदेश से मछली लेकर एक ट्रक दुबग्गा मण्डी आ रहा था। बुद्धेश्वर ओवरब्रिज मोड़ पर ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे मछली भरे बॉक्स फट गए और मछली सड़क पर फैल गई। हादसे में ड्राइवर कानपुर निवासी मुन्ना घायल हुआ था। जिसे पारा पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, क्रेन की मदद से ट्रक को रास्ते से हटाया गया।

गायत्री प्रजापति के बेटे और बहू के नाम मिले छह फ्लैट, ईडी ने मुंबई के ठिकानों पर मारा छापा

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सपा सरकार में अंजाम दिए गये खनन घोटाले के आरोपी तत्कालीन मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के मुंबई के तीन ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने सोमवार को छापा मारा। इस दौरान गायत्री द्वारा घोटाले की रकम से अपने बेटों और बहुओं के नाम से छह फ्लैट खरीदने के प्रमाण मिले। ईडी इन सभी संपत्तियों को जल्द जब्त करने की तैयारी में है।

सूत्रों के मुताबिक राजधानी स्थित ईडी के जोनल कार्यालय की पांच सदस्यीय टीम ने सोमवार को मुंबई जाकर गायत्री के कुनबे के नाम पर खरीदी गयी संपत्तियों पर छापा मारा। इस दौरान ईडी, मुंबई के अधिकारियों को भी टीम में शामिल किया गया था। मुंबई के मलाड इलाके में क्रेसेंट अमिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित रिहायशी

बिल्डिंग के फ्लैट में टीम ने छापा मारा तो वहां पर कई अन्य संपत्तियों के दस्तावेज भी बरामद हुए। इनमें क्रेंसेट बिल्डिंग में तीन अन्य फ्लैट और बोरीवली इलाके में बालाजी कारपोरेशन द्वारा निर्मित दो आलीशान फ्लैट होने की जानकारी मिली। ये फ्लैट गायत्री ने अपने बेटों अनुराग प्रजापति, अनिल प्रजापति और बहुओं शिल्पा और पूजा के नाम से खरीदे थे। प्रत्येक फ्लैट की कीमत दो से तीन करोड़ रुपये तक है। जिसका अधिकांश भुगतान नकद में किया गया था। ईडी के अधिकारियों के मुताबिक करीब 15 करोड़ कीमत वाले इन फ्लैटों को जब्त किया जाएगा। इससे पहले गायत्री के बेटों और बहुओं को तलब कर उनसे पूछताछ की जाएगी। यह पता लगाया जाएगा कि उन्होंने ये बेशकीमती फ्लैटों को खरीदने के लिए कहां से रकम जुटाई थी।

फर्रुखाबाद से पैदल अयोध्या की ओर निकले हसनैन अली

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कड़ाके की ठंड और घना कोहरा भी इनका हौसला नहीं डिगा सका। राम मंदिर बनने की प्रतीक्षा काफी लंबे समय से कर रहे थे। राम मंदिर निर्माण शुरू हुआ तो घर में जश्न का माहौल था ।प्राण प्रतिष्ठा की तारीख तय हुई तो वह अपने आप को रोक नहीं पाए और पैदल ही अयोध्या के लिए यात्रा शुरू कर दी। सोमवार शाम मुस्लिम राम भक्त हसनैन अली (56) रहीमाबाद पहुंचे तो उनका जोरदार स्वागत करके कस्बे के ठाकुर द्वारा मंदिर में उन्हें ठहराया गया।

हसनैन अली निवासी ग्राम कम्पिल जिला फरुखाबाद 10 जनवरी को अपने घर से पैदल निकले थे। करीब 200 किलोमीटर का सफर पैदल तय करने के बाद सोमवार शाम हसनैन अली रहीमाबाद पहुंचे। कड़ाके की ठंड भी उनके हौसले को काम नहीं कर सकी। वह 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होंगे।

राम का निमंत्रण पत्र मिला और घर से चल दिए

हसनैन अली ने बताया कि उनके वहां अक्षत कलश यात्रा निकली थी और उनके घर पर कलश यात्रा में शामिल लोग निमंत्रण लेकर आए थे। निमंत्रण पाकर वह अपने आप कोरोक नहीं सके। हसनैन अली ने बताया कि मां बुजुर्ग हैं वह कह रही थी की पैदल न जाओ लेकिन मेरी आस्था पैदल चलकर ही पहुंचने की है। इसलिए माँ का आशीर्वाद लेकर घर से पैदल ही निकल लिए ।कम्पिल से अयोध्या की दूरी करीब 368 किलोमीटर है।

मौसम खराब होने के कारण एयरपोर्ट पर आने जाने वाली 15 उड़ानें रही निरस्त

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। मौसम खराब होने का असर सोमवार को भी विमान सेवाओं पर रहा।इसकी वजह से राजधानी लखनऊ में विमान सेवाओं का संचालन बुरी तरह गड़बड़ा गया। लखनऊ आने जाने वाली जहाँ 15 उड़ानें निरस्त कर दी गईं।वहीं ज्यादातर विमान 2 से 7 घंटे तक विलंब रहे।इससे यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कम विजिबिलिटी (दृश्यता) के कारण रविवार रात 1:35 बजे मुंबई से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान निरस्त कर दी गई।इसी तरह दिल्ली से सोमवार सुबह 8:20 पर लखनऊ आने वाली एयर इंडिया की उड़ान, हैदराबाद से सुबह 8:45 बजे आने वाली इंडिगो की उड़ान, दिल्ली से दोपहर 2 बजे आने वाली इंडिगो की उड़ान, इलाहाबाद से शाम 5:15 बजे आने वाली इंडिगो की उड़ान, अहमदाबाद से शाम 5:50 बजे आने वाली इंडिगो की उड़ान, दिल्ली से शाम 8:40 पर आने वाली एयर इंडिया की उड़ान के अलावा लखनऊ से रविवार रात 2:05 पर दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान, लखनऊ से सोमवार सुबह 9 बजे दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान, सुबह 10:25 बजे इलाहाबाद जाने वाली इंडिगो की उड़ान, दोपहर 1:25 बजे अहमदाबाद जाने वाली इंडिगो की उड़ान, दोपहर 2:35 बजे दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान, शाम 4:30 बजे मुंबई जाने वाली इंडिगो की उड़ान, शाम 6:20 बजे वाराणसी जाने वाली इंडिगो की उड़ान और लखनऊ से ही शाम 8:10 बजे मुंबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान रद्द कर दी गई। वहीं दिल्ली से सुबह 8:00 बजे लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट करीब 7 घंटा देरी से लखनऊ पहुंची। जबकि दुबई से रात 12:55 बजे लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान सुबह करीब 6:15 बजे लखनऊ पहुंची। इसी तरह लखनऊ से सुबह 8:35 बजे दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान करीब 7:30 घंटा देरी से उड़ान भर सकी। इसी प्रकार लखनऊ से दोपहर 2:40 बजे चेन्नई जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान करीब 4 घंटा देरी से रवाना हुई। इसके अलावा लखनऊ आने- जाने वाली अन्य उड़ानें भी 2 से 5 घंटे तक विलंब रहीं।

दशकों पुरानी कब्रों को खोद, जमीन पर कब्जा करने का विपक्षी पर आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ।एक गांव निवासी परिवार ने दशकों पुरानी बनी पूर्वजों की कब्रों को खोदने व जमीन कब्जा करने को लेकर विपक्षी पर आरोप लगाया है। जिसको लेकर पूरे गांव में तनाव व्याप्त है। माल थाना क्षेत्र के अकबरपुर निवासी शिवकुमार सोनवानी ने उसी गांव निवासी सुबोध पर पूर्वजो की कब्रें बीती रविवार रात अंधरे में खोदने का आरोप लगाते हुये। बताया कि उनके पूर्वजों की कब्रे गांव की दक्षिणी छोर पर राजगढ़ चौराहे के पास बनी है। कब्रिस्तान में कब्जा करने की नियत से उसी गावं निवासी सुबोध ने तीन पक्की व चार कच्ची कब्रो को खोद डाला जबकि तीन दिन पहले लेखपाल ने उक्त भूमि की नपाई कर चिन्हकन कर कोई भी कार्य करने से मना किया था। हमारे परिवार की करीब 80 साल पहले बनी पूर्वजो की समाधियां खोदने से हम सभी लोग आहत है। जिसको लेकर उक्त लोगों के खिलाफ मलिहाबाद तहसील व स्थानीय थाने पर शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही। जांच उपरांत आगे की कार्यवाही की जाएगी।

चोरों को ग्रामीणों ने पीट कर पुलिस को सौंपा, पुलिस ने भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। रेलवे लाइन के किनारे जंगल में ग्रामीणों ने केबिल तार काटकर चोरी करते हुए तीन आरोपियों को रंगे हाथों समान के साथ पकड़ लिया। जिसके बाद उनकी जमकर धुनाई कर दी। वहीं पिटाई के बाद ग्रामीणों ने तीनों चोरों को पुलिस के हवाले किया। रेलवे सुपरवाइजर की तहरीर पर पुलिस ने तीनों चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम चंदीखेड़ा गांव किनारे स्थित रेलवे लाइन के किनारे जंगल में रविवार अपराह्न करीब 4 बजे ग्रामीणों ने हिम्मत दिखाते हुए तार केबिल काट कर ले जा रहे तीन चोरों को पकड़ा। ग्रामीण ने चोरों की लात घूंसों बेल्टों से जमकर धुनाई कर उक्त चोरों को बंधक बना लिया और उसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार किया।

रहीमाबाद रेलखण्ड पर सोलर ईडी सिलेक्शन का कार्य चल रहा है। जहां रखी केबिल चोरी हुई थी। पुलिस ने हरदोई जनपद निवासी प्रदीप कुमार रेलवे सुपरवाइजर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर उक्त चोर बबलू ,रोहित और राहुल निवासी ग्राम घनश्यामपुर थाना काकोरी जनपद लखनऊ ने रेलवे के केबिल बण्डल से तार चोरी किया था। तीनों आरोपियों पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। उक्त चोरों के पास से 148 कटे केबिल बरामद हुए हैं।

संक्षेप

सर्द हवा से बढ़ी गलन, दिन भर ठिठुरते रहा आम जन मानस

बीघापु,उन्नाव। सर्द हवा के साथ ठिठुरन लोगों के लिए आफत बन गई है निरंतर बढ़ रही गलन भरी सर्दी और बर्फीली हवाएं जीवन पर भारी पड़ने लगी हैं तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र में पूरे दिन शीतलहर से लोग कांपते रहे। अचानक बढ़ी सर्दी से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त रहा। सर्दी से त्रस्त लोगों को अलाव की शरण लेनी पड़ी। दिन भर चलने वाली सर्द हवाओं ने लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया। किसानों के अनुसार रात में पाला भी पड़ने लगा है जिससे सर्दी और बढ़ी है। सर्द हवा के साथ ठिठुरन लोगों के लिए आफत बन गई है। सोमवार को पूरे दिन धूप नहीं निकलने से गलन से कोई राहत नहीं मिली ठंड से लोगों के दिनभर हाथ पैर सुन्न होते रहे। लोगों ने इससे बचने के लिए आग का सहारा लिया। जिन लोगों का बाहर कोई आवश्यक कार्य नहीं था, वह घर से बाहर नहीं निकले। राहगीरों ने चाय की चुस्की के साथ दुकानों पर आग की भट्ठियों पर आग तापते देखे गए कई दिनों से लगातार ठंड में कोई कमी नहीं होने से लोग परेशान हो गए हैं।

बाबा के गम में युवक ने निगली नींद की गोलियां

उन्नाव। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के पश्चिम टोला मोहल्ला में देर रात युवक ने बाबा के गम में नींद की गोलियां निगल लिया। तबीयत बिगडने पर स्वजन ने उसे सीएचसी पुरवा में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर देख सोमवार सुबह जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के पश्चिम टोला के रहने वाले विशाल 38 पुत्र छोटेलाल के बाबा बाबूलाल की सात दिन पहले पैरालिसिस का अटैक पड़ने से मौत हो गई थी। बाबा के निधन के गम में विशाल ने रविवार देर रात नींद की गोलियां निगल ली। उल्टियां होने पर स्वजन को जानकारी हुई तो उसे सीएचसी पुरवा में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर देख सोमवार सुबह उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका उपचार चल रहा है।

ट्रेन की चपेट से युवक की मौत परिजनो में मचा कोहराम

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ - कानपुर रेल मार्ग पर कुसुंभी और जैतीपुर के मध्य ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई।घटना की सूचना पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए शव विच्छेदन गृह भेजा है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव रहमतगंज निवासी विनोद 37 पुत्र नन्हू कुसुंभी और जैतीपुर रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे लाइन पार कर रहा था, तभी कानपुर से लखनऊ की ओर जा रही किसी ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई घटना की सूचना पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव विच्छेदन गृह भेज दिया युवक की मौत से परिजनो में चीख पुकार मच गई।

अक्सर सुर्खियों मे बने रहते हैं सीएचसी में तैनात चिकित्सक

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। सीएचसी में करीब 9 वर्षों से तैनात डॉक्टर यूके अक्सर विवादों से घिरे रहते हैं। इनके विरुद्ध मरीज के तीमारदार गलत उपचार का आरोप लगाते रहते हैं। लेकिन राजनैतिक संरक्षण के चलते इनके विरुद्ध कार्रवाई करने से जिम्मेदार अधिकारी बचते नजर आते हैं। पूर्व विधायक उदयराज यादव ने उच्चाधिकारियों से स्थानांतरण करने की मांग उठाई हैं।

पुरवा नगर के मोहल्ला पश्चिमटोला निवासिनी नगीना ने सीएचसी प्रभारी को शिकायती पत्र देकर बताया था कि 18 जुलाई 2023 को पुत्री खुशी के हांथ में चोट लग गई थी। जिसपर उसे दिखाने सीएचसी लाई थी। जहां तैनात डाक्टर यूके ने पुत्री का इलाज किया था। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए बताया था कि उक्त डाक्टर ने दवा की पर्ची लिखी थी और सीएचसी से एक ट्यूब दिया था। उक्त ट्यूब लगाने के बाद पुत्री के हांथ में और अधिक गहरा घाव हो गया था। जिसपर सीएचसी पहुंच डाक्टर से शिकायत की तो उन्होने गाली गलौज कर धमकी देकर भगा दिया था। उक्त शिकायत मिलने पर सीएचसी प्रभारी ने डाक्टर से स्पष्टीकरण तलब किया था। जिस पर डाक्टर यूके ने अपने स्पष्टीकरण में उक्त युवती का इलाज ना करने की बात बताई थी। उक्त मामले की हकीकत जानने के लिए एडवोकेट विकास गुप्ता द्वारा एक जनसूचना मांगी गई थी। जनसूचना में यह बात स्पष्ट हुई कि उक्त युवती का इलाज उसी डाक्टर द्वारा ही किया गया था और जो ट्यूब लेने की पर्ची लिखी गई थी फार्मासिस्ट द्वारा उक्त पर्ची डाक्टर यूके सिंह द्वारा ही लिखी जाने की बात बताई हैं। जनसूचना के जरिए डाक्टर की लापरवाही सामने आ गई हैं। सीएचसी प्रभारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में हैं जांच करवाई जा रहीं हैं।

बीते दिसंबर 2022 में नगर के मोहल्ला दलीगढ़ी निवासी इस्तियाक का 10 वर्षीय पुत्र एहतिशाम और उसके भाई रियाज का 5 वर्षीय पुत्र कामिल और 2 वर्षीय पुत्री अनाबिया सीएचसी में इलाज करवाने आई थी। जहां परिजनों ने आरोप लगाया था की डॉक्टर यूके के द्वारा लापरवाही पूर्वक इलाज किया गया था और बाहर की दवाएं लिखी गई थी। तेज बुखार आने के बाद एक के बाद एक कर एक ही परिवार के तीनों बच्चों की मौत हो गई थी। बड़ा मामला होने के चलते डीएम अपूर्वा दुबे सीएमओ डॉ सत्य प्रकाश के साथ मोहल्ले पहुंची थी जहां मृतक के परिजनों ने डाक्टर यूके पर लापरवाही पूर्वक इलाज करने का आरोप लगाया था और बाहर की लिखी हुई दवाओं की पर्ची दी थी। जिसपर डीएम ने सीएमओ को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। लेकिन राजनैतिक संरक्षण के चलते डीएम के आदेश के बाद भी मामला दबा दिया गया था इसी प्रकार ब्लाक क्षेत्र के गांव रामापुर निवासी परिजन अपनी मासूम बेटी को बीमारी के चलते इलाज करवाने आई थी जिसको देखते ही डॉक्टर यूके ने मृत घोषित कर दिया था। जिसके बाद परिजन उसको घर लेकर जा रहे थे तभी मासूम के हिलने डुलने पर परिजन और सीएचसी में मौजूद एक समाजसेवी ने हंगामा कर उच्चाधिकारियों से मामले की शिकायत की थी। मामला बढ़ता देख तत्कालीन सीएमओ ने डॉक्टर यूके का स्थानांतरण कर दिया था लेकिन सूत्र बताते हैं की राजनैतिक संरक्षण के चलते इस मामले को भी दबा दिया गया था।

एक और मामला ब्लाक क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर में कच्चे मकान की दीवाल गिरने से करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए थे। सीएचसी में इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर यूके ने सभी को हालत गंभीर होने के चलते ज़िला अस्पताल रेफर कर दिया था। घटना बड़ी होने के चलते ज़िला अस्पताल में सीएमओ घायलों का हाल चाल लेने ज़िला अस्पताल पहुंचे थे जहां अधिकतर मरीज बिना प्राथमिक उपचार के सीएचसी से रेफर होकर आए थे। जिसपर सीएमओ ने डॉक्टर यूके को जमकर फटकार लगाई थी और सीएचसी प्रभारी को जांच सौंपी थी।उक्त मामले में एक स्वास्थ्य कर्मी को निलंबित कर दिया गया था लेकिन राजनैतिक संरक्षण के चलते डॉक्टर के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

जब की डाक्टर यूके सिंह सीएचसी में दिखाने आने वाले मरीजों को बाहर की दवाएं छोटी सी पर्ची में लिखते हैं। जबकि शासन के सख्त आदेश हैं की कोई भी डॉक्टर बाहर की दवाएं नहीं लिखेगा। उसके बाद डॉक्टर यूके शासन के आदेश नहीं मानते हैं। अक्सर उनके द्वारा लिखी गई बाहर की दवाओं की छोटी छोटी पर्ची सोशल मीडिया पर वायरल होती रहती हैं।

पूर्व सपा विधायक उदयराज यादव ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाएं बुरी तरह चरमराई हुई हैं। डॉक्टर यूके के ऊपर आए दिन गलत इलाज के आरोप लगते रहते हैं ऐसे डॉक्टर को सीएचसी से हटा देना चाहिए और कठोर कार्रवाई करनी चाहिए।

श्री राम कथा के समापन के बाद याज्ञा व यज्ञोपवीत का कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। साईं मंदिर में चल रही श्रीराम कथा समापन के बाद हुआ याज्ञा यज्ञोपवीत में विधिपूर्वक गणेश आदि देवताओं का पूजन, यज्ञवेदी एवं बालकों को अधोवस्त्र के साथ माला पहनाकर बैठाया गया इसके बाद दस बार गायत्री मंत्र से अभिमंत्रित करके देवताओं के आह्वान के साथ उससे शास्त्र शिक्षा और व्रतों के पालन का वचन लिया जाता है पंडित राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला ने बताया कि हाथ स्वच्छ करने के बाद ही उसे कान से उतारना चाहिए। इस कर्म के पीछे का अर्थ है कि यज्ञोपवीत कमर से ऊंचा हो जाए और अपवित्र न होने पाए। यज्ञोपवीत का कोई तार टूट जाए या 6 माह से अधिक का समय हो जाए, तो पूर्णिमा के दिन इसे बदल लेना चाहिए। खंडित यज्ञोपवीत को शरीर पर धारण नहीं किया जाता यज्ञोपवीत में शामिल हुए बालकों के नाम विश्वास राज अवस्थी असीम शुक्ला सक्ष्म मिश्रा शाश्वत मिश्रा राम जी साई मंदिर संस्थापक सुरेंद्र वर्मा बाबा ने बताया कि हर वर्ष ऐसे ही काम भक्तों के लिए होते रहेंगे।

तेज रफ्तार डंफर ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

अजगैन, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज नहर के पास डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जालिम खेड़ा गांव निवासी शिवपूजन 19 पुत्र विजय शंकर मोटरसाइकिल से सोहरामऊ की ओर जा रहा था तभी नवाबगंज नहर के पास पढ़ने वाले बाबा होटल के पास एक तेज रफ्तार अनियंत्रित डंपर ने टक्कर मार दी जिससे उसे गंभीर चोट आने पर राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 नंबर एंबुलेंस ने उसे उपचार के लिए नवाबगंज सीचसी में भर्ती कराया जहां उसकी हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के धाराखेड़ा गांव के रहने वाले देशराज रावत का 22 वर्षीय बेटा सचिन रावत का शव देर शाम गांव के बाहर सेरसा के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी पर लटकता मिला। ग्रामीण जब देर शाम गांव के बाहर शौच क्रिया करने गए तो पेड़ पर शव लटकता देख उनके होश उड़ गए। आनन-फानन ग्रामीणों ने घटना की जानकारी परिजनों को दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने फांसी के फंदे से शव लटकता देख कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकरपोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक तीन भाइयों में बड़ा था। जब कि छोटा भाई राम नरेश, श्यामलाल इकलौती बहन रोशनी, मां प्रेमा व अन्य परिजन रो रोकर बेहाल होते रहे। दोपहर बाद शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। शल घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मचा रहा। गांव में प्रेम प्रसंग के चलते युवक द्वारा आत्महत्या करने की चचाएं हो रही है।

गरीब असहाय वृद्धजनो को दिए गए कम्बल

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। विधानसभा में ब्लॉक बिछिया के ग्राम जमुका में स्व० जमुना देवी शुक्ला, स्व० शिवधर शुक्ला की याद में इनके नाम से बने द्वार पर कम्बल वितरण का कार्यक्रम किया गया। हर वर्ष की भाँति मकर संक्रांति के अवसर पर इस वर्ष भी कम्बल वितरण का आयोजन सावित्री शुक्ला, राजकिशोर शुक्ला द्वारा किया गया। कम्बल वितरण कार्यक्रम में क्षेत्रीय लगभग 150 जरूरतमंद लोगो को कम्बल वितरित किए गए वही सभी जरूरतमंदो ने आयोजकों का धन्यवाद दिया व आभार प्रकट किया।वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आलोक निगम, उमादत्त शुक्ला, हरिकिशोर शुक्ला, रामदत्त शुक्ला, जगदीश प्रसाद त्रिपाठी, आदित्य चौरसिया, अंकित शुक्ला, जय निगम, अभिषेक शुक्ला, विकास शुक्ला, जितेंद्र शुक्ला, महेश तिवारी, अरुण शुक्ला, शैलेंद्र चौरसिया, जगदम्बा शुक्ला, शशिकांत चौरसिया, विवेक शुक्ला, पिंकी शुक्ला, मीनाक्षी शुक्ला आदि लोग प्रमुख रूप से रहे।

अगर बना बार एसोसिएशन अध्यक्ष तो देगे अधिवक्ताओं मूलभूत सुविधाएं

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आगामी 30 जनवरी को होने जा रहे उन्नाव बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में मैं फिर से अध्यक्ष पद का प्रत्याशी हूं जिसमें मेरे 7 बार अध्यक्षीय कार्यकाल में अधिवक्ता हितों और बार एसोसिएशन उन्नाव के गौरव को बढ़ाने में मेरे कृतित्व के बल पर भरोसा है कि उन्नाव के विद्वान अधिवक्ता मुझे एक बार फिर से अध्यक्ष पद पर चुनकर सेवा का अवसर प्रदान करेंगे। यदि अधिवक्ताओं ने मुझे निर्वाचित कर सेवा का अवसर प्रदान किया तो 70 वर्षीय वरिष्ठतम अधिवक्ताओं को बार एसोसिएशन की ओर से प्रतिमाह 1000/- रू० के हिसाब से प्रत्येक अधिवक्ता को मु० 12,000/- रू० वार्षिक पेंशन की व्यवस्था लागू की जाएगी। इसी तरह गम्भीर रूप से बीमार अधिवक्ताओं को भी कम से कम 25,000/- रू० की वार्षिक सहायता भी बार एसोसिएशन की ओर से प्रदान की जाएगी। वर्तमान में उन्नाव बार एसोसिएशन से प्रदान की जाने वाली अधिवक्ता मृतक सहायता राशि एक लाख रूप से बढ़ाकर दो लाख रुपए की जायेगी। अधिवक्ताओं के बैठने के विशेष रूप से युवा अधिवक्ताओं के लिये चैम्बर्स की व्यवस्था भी प्राथमिकता के आधार पर करने के साथ-साथ कचेहरी परिसर से काफी दूर स्थापित की गयी एम०ए०सी०टी० कोर्ट को भी कचेहरी के आस पास वापस लाने का कार्य करूंगा। अधिवक्ताओं पर शासन प्रशासन द्वारा एफ० आई० आर० अथवा किसी प्रकार की उत्पीडन कार्यवाही किए जाने के पूर्व उन्नाव बार एसोसिएशन को सूचित किया जाये तभी ऐसा हो जिससे अधिवक्ता समाज का सम्मान नष्ट न हो। इसके पूर्व भी कार्यकालों में मृतक आश्रित धनराशि 5000/- रू० से शुरू होकर धीरे-धीरे एक लाख रुपए तक किये जाने का कार्य करने के साथ-साथ लगभग अब तक 400 अधिवक्ता चैम्बर्स के निर्माण कराये हैं। सम्पूर्ण कचेहरी परिसर में इण्टरलाकिंग व नालियों के निर्माण जैसे कार्य किए जाने के साथ ही अधिवक्ता समाज का गौरव बढ़ाने का भी कार्य किया है और आगे भी करता रहूंगा।

घरेलू विवाद के चलते युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। घरेलू विवाद से ऊब कर युवक ने अपने घर के अंदर फांसी के फंदे पर झूल गया युवक को फांसी के फंदे पर लटकता देख परिजनो के होश उड़ गए आनन फानन परिजन उसे फंदे से नीचे उतार कर सी एच सी लाए जहां पर मौजूद डॉ ने उसे मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया

कोतवाली क्षेत्र के मोही खेड़ा निवासी मुकेश 45 वर्ष पुत्र कल्लू का अपने बड़े पुत्र से आपसी वाद विवाद हो गया जिससे छुब्द होकर युवक ने घर के अंदर फांसी लगा ली युवक को फांसी के फंदे पर लटकता देख परिजनो के होश उड़ गए परिजन उसे फंदे से उतार कर समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आए जहा पर मौजूद डॉ ने उसे मृत घोषित कर दिया मौत की सूचना मिलते ही परिजनो में चीख पुकार मच गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

खिचड़ी भोज पर समाजसेवी ने गरीबों को वितरण किया कंबल

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र मे आज मकर संक्रांति के पर्व पर क्षेत्र मे लोगों ने हर्षोल्लास के साथ खिचडी भोज कर मकर संक्रांति मनाई।प्रति वर्ष की भांति ऊगू के काली माता मंदिर पर खिचडी भोज का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।काली माता मंदिर पर आयोजित खिचडी भोज में सार्वजनिक सहयोग से नगर वासियों लोगों को खिचड़ी खिलाई गई। जिसका आयोजन हर्ष शुक्ला पप्पू कस्यप सुशील कस्यप अंशू कस्यप विकास कस्यप सूरज विशाल तिवारी आदि ने किया। इस अवसर पर हर्ष शुक्ला ने भीषण सर्दी के मौसम में गरीबों को कंबल भी वितरित किये।

सोलह टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण पोटली वितरित की

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को मकर संक्रांति के अवसर पर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर सुनील कुमार की अध्यक्षता में 16 टी बी मरीजो को मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा गोद लेकर पोषण पोटली वितरित की गई। टी बी विभाग के ब्लॉक पर्यवेक्षक हरीश मिश्रा ने बताया जिले की 56 टी बी मुक्त ग्राम पंचायतों में सबसे ज्यादा सुमेरपुर की 13 ग्राम पंचायतें चुनी गई है। हमारी टीम पूरी लगन से सुमेरपुर

ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों को टी बी मुक्त बनाने में अग्रसर है। मरीजो को गोद लेने वाले मेडिकल स्टोर संचालको ने भी आश्वासन दिया कि हम भविष्य में भी पूरी निष्ठा व लगन से मरीजो का साथ देते रहेंगे। पोषण पोटली वितरण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र के फार्मासिस्ट उमेश कुमार, राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे। मरीजो को गोद लेने वाले मेडिकल स्टोर संचालको में सैनी मेडिकल स्टोर सुमेरपुर, अभिनव मेडिकल स्टोर, ब्रम्हदेव मेडिकल स्टोर पाटन , अम्बे पैथोलॉजी , बाजपेई मेडिकल स्टोर आदि उपस्थित रहे।

चोरी के जेवरात व 73 हजार रुपयों के साथ दो युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बबली पत्नी महेन्द्र यादव निवासी ग्राम पैंथर थाना असोहा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि बीती 10 तारीख को मैं बच्चे व चचेरा देवर सोनू पुत्र उमाशंकर के साथ खिचड़ी के त्योहार हेतु मायके ग्राम पुरवा गयी थी मायके मे मेरा चचेरा देवर सोनू मुझे वा बच्चो को छोड़कर अपने घर वापस चला आया था। 12 तारीख को अपने मायके से बच्चो सहित घर वापस आयी तो मेन गेट का ताला खोलकर घर के अन्दर गयी तो देखा कि घर के छत का जाल उखडा हुआ व कमरा का ताला टूटा हुआ नीचे पड़ा हुआ था जब कमरे के अन्दर जाकर देखा तो अलमारी का लॉकर टूटा हुआ था व लॉकर में जेवर व रुपये चोरी हो गये है। चोरी हो जाने के बारे मे काफी पता किया गया तब जानकारी हुई कि मेरे चचेरे देवर सोनू पुत्र उमाशंकर व मेरे गाँव का मंजीत पुत्र सुरेश ने चोरी की है। जो छत का जाल तोड़कर घर के अन्दर रात मे घुसकर चोरी की है तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज जांच पड़ताल की जिसपर आज थानाध्यक्ष राजबहादुर, उप निरीक्षक राम औतार व उप निरीक्षक दिलीप कुमार मय हमराह फोर्स द्वारा मकुदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण सोनू यादव पुत्र उमा शंकर मंजीत पुत्र सुरेश के कब्जे से चोरी किये गये 73 हजार रुपए नगद व जेवरात बरामद कर दोनो आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

चोरों ने एक ही गांव में चार घरों से पार कर दिया हजारों का सामान

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में चोरों ने चार घरों को अपना निशाना बनाकर हजारों का सामान पार कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल कर रही हैकोतवाली क्षेत्र के जमलदीपुर गांव में चोरों ने रेशमा के घर में घुसकर जेवर व टीवी पार कर दिया उसके बाद चोरों चांद आलम पुत्र जफर गोपाल पुत्र नंदू छोटा शर्मा पुत्र रामशंकर के घरों को अपना निशाना बनाया जहा से चोरों ने मोबाइल व जेवर पार कर दिया आहट सुनकर छोटा की पुत्री जाग गई और उसने चोरों को देख शोर मचाया तो चोर एक जोड़ी चप्पल लोहे का सबड़ा एक कंबल चोर मौके पर छोड़कर कर भागने लगे तो ग्रामीणों ने पीछा किया चोर रेशमा की टी वी छोड़कर भाग निकले सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर ग्रामीणों को आश्वाशन दिया की चोर जल्द ही पकड़े जायेगे।

आज आएंगी कमिश्नर, करेंगी जनता दर्शन

11 से 02 बजे के बीच कलेक्ट्रेट में होगी जनसुनवाई, मौजूद रहेंगे जनपदीय अफसर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जनपद में आम जनमानस की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों का गुणवत्तापूर्वक प्रभावशाली ढंग से निराकरण, अनुश्रवण एवं समन्वय के लिए आयुक्त, लखनऊ मंडल डॉ रोशन जैकब 16 जनवरी को प्रातः 11 बजे से लेकर अपरान्ह 02 बजे के मध्य कलेक्ट्रेट सभागार में जनता दर्शन कर जनता की समस्याओं को सुनेगी। आयुक्त के जनता दर्शन में आमजन की दैनिक जीवन से जुड़ी विभिन्न समस्याएं यथा बिजली, पानी, सड़क, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास, जल निकासी, दैवी आपदा, वरासत, सार्वजनिक भूमि पर अनधिकृत कब्जा, भूमि विवाद, विभिन्न प्रकार की पेंशन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली से मिलने वाले राशन आदि के मामलो की सुनवाई की जाएगी। इस दिवस का आयोजन प्रभावी ढंग से एवं उच्च कोटि की संवेदनशीलता के साथ आम जनमानस की मूलभूत समस्याओं के सफल समाधान के दृष्टिगत किया जाएगा।

साँई भक्तों ने मकर संक्रांति पर किया 11 वां विशाल भंडारे का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। कस्बे में मकर संक्रांति के पर्व पर भगवान साँई के भक्तों के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन कर नगर वासियों व राहगीरों को प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे और की जय जयकार।

कस्बा औरास के मोहल्ला रामनगर में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर भगवान साँई के भक्तों के द्वारा 11 वां भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें प्रसाद के रूप में भगवान को खिचड़ी व पूरी सब्जी का भोग लगाया गया। भंडारे में नगर अध्यक्ष राकेश कुमार ने भगवान की पूजा अर्चना कर भोग लगाकर स्वयं अपने हाथों से प्रसाद वितरित किया। भंडारे की आयोजन में नगर वासियों के बच्चे व महिलाओं ने प्रसाद पाकर भगवान साँई की जय जयकार की भक्तों के द्वारा प्रभु इच्छा तक प्रसाद वितरण किया वही राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण कर सभी का धन्यवाद किया और कहां साइन भगवान का प्रसाद पाकर में धन्य हो गया वास्तव में दाने-दाने पर लिखा है खाने वाले का नाम। आयोजन करता श्रवण राठौर व आनंद जायसवाल ने बताया कि यह भंडारा निरंतर 11 वर्षों से चला आ रहा है और आगे भी साँई भगवान की अगर कृपा रही तो इसी तरह चलता रहेगा हमारे वश में कुछ भी नहीं है जो करता हूं सिर्फ ईश्वर की मर्जी से करता हूं। भंडारे में मुख्य रूप से श्याम जी गुप्ता सुशील श्रीवास्तव सत्यदेव गोस्वामी और मां कृपा स्वीट हाउस के दिनेश राठौर आशीष विशाल कृष्णा हरिओम जायसवाल सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

चिंतन

विकासशील से विकसित की ओर बढ़ा एक और कदम

विकासशील से विकसित होने के सफर पर भारत ने एक कदम और बढ़ा दिया है। हालांकि रास्ता बहुत लंबा है, लेकिन विकसित होने की सबसे पहली और जरूरी शर्त है मजबूत और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आधारभूत ढांचा, भारत बहुत तेजी से इस पर कदम दर कदम बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुक्रवार को देश के सबसे लंबे सी-ब्रिज अटल सेतु का उद्घाटन करना इसी की एक कड़ी है। यह ब्रिज मुंबई से नवी मुंबई को जोड़ेगा। इससे दो घंटे का सफर 20 मिनट में पूरा होगा। पुल की कुल लागत 17 हजार 843 करोड़ रुपये है। 21.8 किलोमीटर लंबे सिक्स लेन वाले ब्रिज को मुंबई ट्रांस हार्बर सी-लिंक भी कहा जाता है। पुल के उपयोग से हर साल एक करोड़ लीटर ईंधन की बचत होने का अनुमान है। सड़कें कामकाज के अभिन्न अंग हैं। इससे लोगों और सामानों की पहुंच आसान हुई है। भारतीय सड़क नेटवर्क में तेजी से विस्तार और बदलाव हो रहा है और भारत दुनिया में सबसे अच्छे मानकों तक पहुंचने के लिए लगातार ट्रैक पर है। आज भी देश में करीब 60 प्रतिशत ढुलाई का कार्य सड़क और राजमार्ग प्रणाली के माध्यम से होता है। राजमार्गों और एक्सप्रेसवे के बढ़ते जाल द्वारा प्रदान की गई बेहतर गतिशीलता से बदलाव की अगुवाई करने और रसद लागत जो कभी 16-18 प्रतिशत थी जो घटकर 10 प्रतिशत के आसपास हो गई है। हालांकि विकसित देशों में यह आठ प्रतिशत के आसपास है। 6 से 8 प्रतिशत की बचत का मतलब है कि हम अंतरराष्ट्रीय बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। जिससे हम अपने निर्यात को बढ़ाने सकते हैं और साथ ही इस लागत को कम कर सकते हैं। देश में सड़कों के विकास का इससे बड़ा प्रमाण क्या होगा कि देश में प्रतिदिन 60 किलोमीटर सड़क निर्माण हो रहा है। सरकार 2025 तक 2 लाख किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के विकास के लिए काम कर रही है। यह एक बड़ी बात है। सरकार का ध्यान प्रमुख औद्योगिक शहरों को जोड़ने वाली प्रमुख सड़कों के निर्माण तक ही सीमित नहीं रहा है। सरकार का लक्ष्य हर मेट्रो, कस्बे और गांव को एक मजबूत सड़क संपर्क प्रणाली के माध्यम से जोड़ना है, लेकिन केवल इतने से ही हम विकासशील से विकासित नहीं होने वाले। विकास के साथ सामाजिक कल्याण को फोकस में रखना जरूरी है। सबको सम्मानजनक जीवन देना, हर सक्षम को रोजगार देना और हर नवजात को अच्छा भविष्य देना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। सरकार को सामाजिक समरसता की नीति के साथ आर्थिक सुधारों पर फोकस करना होगा। श्रम सुधारों का लक्ष्य केवल प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाना ही नहीं, बल्कि विकास के अवसर पैदा करना भी होना चाहिए। उच्च शिक्षा ऐसी हो, जिससे कौशल विकास हो। इसी तरह वित्तीय समावेशन में लैंगिक समानता दिखनी चाहिए। विकसित होने के लिए शिक्षा, स्वास्थ, तेज अर्थव्यवस्था पर ओर अधिक काम करना होगा और इससे भी जरूरी विरासत पर गर्व करना सबसे अहम है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने इस पर जोर दिया है। गुलामी की मानसिकता से बाहर आने का प्रण भी विकास के लिए आवश्यक है। हमें पश्चिम का अंधानुकरण नहीं करना चाहिए। भारत को अपनी राह बनानी होगी और हमने इसकी शुरुआत कर दी है। हमें भारतीयों की समृद्धि के लिए किए गए फैसलों पर पश्चिम की मुहर का इंतजार नहीं करना चाहिए।

हिंडेनबर्ग

अवधेश कुमार

शीर्ष न्यायालय के फैसले के मायने

> न्यायालय के फैसले को आधार बनाएं तो हिंडेनबर्ग रिपोर्ट को लेकर भारत और भारतीयों के संपर्क से पूरी दुनिया में जो बवंडर खड़ा हुआ, शेयर मार्केट से लेकर स्वयं गौतम अडानी की कंपनियों को जो नुकसान पहुंचा तथा नरेंद्र मोदी सरकार को लेकर पैदा हुआ संदेह सभी तत्काल निराधार साबित हुए हैं। न्यायालय ने यह कहते हुए याचिकाओं को निरस्त कर दिया कि हिंडेनबर्ग के आरोपों की जांच के लिए सीट या विशेष जांच दल गठित करने यानी किसी दूसरी एजेंसी को सौंपने की आवश्यकता नहीं है। याचिकाकर्ताओं की ओर से बार-बार सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड आफ इंडिया यानी सेबी की जांच को प्रश्नों के घेरे में लाने को भी न्यायालय ने सही नहीं माना तथा उसकी जांच से संतुष्टि व्यक्त की।

अडानी हिंडेनबर्ग मामले में उच्चतम न्यायालय न्यायालय के फैसले का पहला विवेकशील निष्कर्ष यह है कि सरकार के विरुद्ध किसी मुद्दे को उठाने और उसे बड़ा बनाने के पहले उस पर पर्याप्त शोध और सोच-विचार किया जाना चाहिए। न्यायालय के फैसले को आधार बनाएं तो हिंडेनबर्ग रिपोर्ट को लेकर भारत और भारतीयों के संपर्क से पूरी दुनिया में जो बवंडर खड़ा हुआ, शेयर मार्केट से लेकर स्वयं गौतम अडानी की कंपनियों को जो नुकसान पहुंचा तथा नरेंद्र मोदी सरकार को लेकर पैदा हुआ संदेह सभी तत्काल निराधार साबित हुए हैं। न्यायालय ने यह कहते हुए सभी याचिकाओं को निरस्त कर दिया कि हिंडेनबर्ग के आरोपों की जांच के लिए सीट या विशेष जांच दल गठित करने यानी किसी दूसरी एजेंसी को सौंपने की आवश्यकता नहीं है। याचिकाकर्ताओं की ओर से बार-बार सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड आफ इंडिया यानी सेबी की जांच को प्रश्नों के घेरे में लाने को भी न्यायालय ने सही नहीं माना तथा उसकी जांच से संतुष्टि व्यक्त की। सेबी अब तक 24 में से 22 मामलों की जांच पूरी कर चुकी है।

सही है कि शीर्ष न्यायालय ने सेबी और भारत सरकार से कहा है कि निवेशकों की रक्षा के लिए तत्काल उपाय करें, कानून को सख्त करें तथा जरूरत के मुताबिक सुधार भी। यह भी कहा कि सुनिश्चित करें कि फिर निवेशक इस तरह की अस्थिरता का शिकार नहीं हों जैसा कि हिडेनबर्ग रिपोर्ट जारी होने के बाद देखा गया था। ध्यान रखिए कि न्यायालय द्वारा न्यायमूर्ति सप्रे की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञों की समिति की रिपोर्ट पर भी विचार किया गया। इस समिति ने भी शेयर निवेश की सुरक्षा से संबंधित सुझाव दिए हैं। न्यायालय ने उसे शामिल करने को कहा है। वास्तव में फैसले का यह पहलू स्वाभाविक है क्योंकि हिडेनबर्ग रिपोर्ट के बाद अडानी समूह के शेयरों में जिस ढंग से गिरावट आई उससे पूरा भूचाल पैदा हो गया था। आगे ऐसा ना हो इसका सुरक्षा उपाय करना आवश्यक है और इसी ओर न्यायालय ने ध्यान दिलाया है। इसमें कोई अगर किसी भी तरह हिंडेनबर्ग रिपोर्ट में थोड़ी सच्चाई देखता है तो उसकी समझ पर प्रश्न खड़ा होगा। न्यायालय के फैसले से साफ हो गया है कि गौतम अडानी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगाए गए आरोप निराधार ही थे। भारत की राजनीति और एक्टिविज्म की दुनिया में कीचड़ उछालना पुराना शगल है इसलिए पहले सेबी और फिर लोग न्यायालय को भी कटघरे में खड़ा करने का अभियान चलाने को बेचैन रहते हैं।

यह स्थिति चिंताजनक है। अगर उच्चतम न्यायालय को हिडेनबर्ग रिपोर्ट में थोड़ी भी सच्चाई दिखती तो उसके आदेश में यही लिखा होता कि आगे कोई भी कंपनी किसी तरह अपने प्रभाव का लाभ न उठा पाए इसके लिए सुरक्षा उपाय करें। उसने ऐसा नहीं कहा है। उसका कहना इतना ही है कि अगर कहीं से फिर ऐसी रिपोर्ट आ गई तब शेयर मार्केट में निवेशकों को कैसे सुरक्षित रखा जाए इसकी व्यवस्था होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने यह

भी कहा है कि केंद्र सरकार की जांच एजेंसी के रूप में सेबी जांच करें कि क्या हिंडनबर्ग रिसर्च और किसी अन्य संस्था की वजह से निवेशकों को हुए नुकसान में कानून का कोई उल्लंघन हुआ है? यदि हुआ है तो उचित कार्रवाई की जाए। याचिकाकर्ताओं ने कई नियमों में खामियों की बात उठाई थी जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया। न्यायालय ने कहा कि संशोधन से नियम सख्त हुए हैं। खोजी जर्नलिस्ट संगठन की रिपोर्ट को भी खारिज किया गया और कहा कि यह सेबी की जांच पर सवाल उठाने के लिए मजबूत आधार नहीं है, इन्हें इनपुट के रूप में नहीं माना जा सकता है। जरा पीछे लौटिए और याद करिए कि पिछले वर्ष 24 जनवरी को अडानी समूह पर हिंडेनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद क्या स्थिति पैदा हुई थी? तब समूह का मार्केट कैप 19.2 लाख करोड़ था। इस रिपोर्ट के बाद उसकी 9 कंपनियों का वैल्यूएशन 150 अरब डालर तक घट गया था। धीरे-धीरे उसकी भरपाई हो रही है किंतु अभी भी वह उसे समय से 31% नीचे है। यद्यपि उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद तेजी से अडानी समूह के शेयर भाव उछले एवं उसी अनुसार सूचकांक भी। बावजूद उस क्षति की भरपाई एक बड़ी चुनौती है। प्रश्न है कि इसके लिए किसे जिम्मेदार माना जाए? करोड़ों निवेशकों का धन डुबाने के लिए कौन दोषी है? सबसे बड़ी बात कि इससे भारत की छवि पूरी दुनिया में बिगड़ी, उसकी भरपाई कौन करेगा? हिंडेनबर्ग रिपोर्ट को आधार बनाकर दुष्प्रचार यही हुआ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं और उनकी सरकार एक उद्योगपति कारोबारी के लिए किसी भी सीमा तक जाने को तैयार है। उन्हें सरकार का राजनीतिक संरक्षण और सहयोग प्राप्त है जिनकी बदौलत ही यह कंपनी आगे बढ़ी है अन्यथा इसकी अपनी क्षमता ऐसी नहीं है। यह सरकार और पूंजीपति के बीच शर्मनाक दुरभिसंधि का आरोप था। यह आरोप सच होता तो क्रॉनी केपीटलिइज्म का इससे बड़ा उदाहरण कुछ नहीं हो सकता। विश्व भर में निवेशकों और कारोबारियों के बीच यह छवि बन जाती कि वाकई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ही उद्योगपति और कारोबारी के हितों में नियम बनवाते हैं, उसे सत्ता का संरक्षण प्रदान करते हैं और इसी बदौलत समूह देश और दुनिया में अवैध तरीके से वित्तीय शक्ति का विस्तार कर रहा है तो फिर वे भारत से मुंह मोड़ लेते। इसका संपूर्ण भारतीय अर्थव्यवस्था और आर्थिक रूप से महाशक्ति बनने के लक्ष्य पर क्या प्रभाव पड़ता इसकी कल्पना आसानी से की जा सकती है। वास्तव में हिंडेनबर्ग रिपोर्ट एक कंपनी पर अवश्य था किंतु इससे पूरी भारत सरकार और देश की नियति नत्थी हो गई थी। हिंडेनबर्ग ने मुख्यतः यही कहा था कि अडानी समूह की वित्तीय हैसियत इतनी बड़ी है नहीं जितनी वह अंकेक्षण में दिखलाती है, वह अपना मूल्यांकन जानबूझकर ज्यादा करवाती है जिससे उसके शेयर भाव बढ़े रहते हैं तथा टैक्स हैवन देशों में शैल कंपनियां बनाकर वह गलत निवेश करती है और इन सबमें उसे सत्ता का पूरा सहयोग और संरक्षण है। कोई कंपनी प्रधानमंत्री के वरदहस्त से काली कमाई करती हो इससे खतरनाक आरोप और क्या हो सकता है। साफ है कि जहां हिडेनबर्ग रिपोर्ट के पीछे केवल एक कंपनी की वित्तीय स्थिति को सामने लाना नहीं था बल्कि निशाने पर नरेंद्र मोदी सरकार और उसके माध्यम से पूरा भारत था। प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि 2024 से 29 के बीच भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा और 2047 तक भारत को विश्व की पहली श्रेणी का देश बनाना है तो निश्चय ही इससे अनेक देशों संगठनों, नेताओं, यहां तक की भारत के भी कुछ लोगों और समूहों के कलेजे पर सांप लोट रहा होगा। उच्चतम न्यायालय ने ऐसे लोगों की नापाक कोशिशों पर लगाम लगा दी है।

सबके राम

प्रो. श्याम सुंदर भाटिया

श्रीराम के अदभूत अर्चक फ़ादर कामिल बुल्के

बेल्जियम में जन्मे फ़ादर कामिल बुल्के की जग-विख्यात विशेषता यह है कि वे रामकथा के मर्मज्ञ, हिंदी के विद्वान और विलायत में जन्मे भारतीय थे। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 'रामकथा उत्पत्ति और विकास' पर 1950 में पी.एच.डी. की। इस शोध में संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी, बंगला, तमिल आदि समस्त प्राचीन और आधुनिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध राम विषयक विपुल साहित्य का ही नहीं, वरन तिब्बती, बर्मी, सिंघल, इंडोनेशियाई, मलय, थाई आदि एशियाई भाषाओं के समस्त राम साहित्य की सामग्री का भी अत्यंत वैज्ञानिक रीति से उपयोग हुआ है। तुलसीदास उन्हें उतने ही प्रिय थे, जितने अपनी मातृभाषा फ्लेमिश के महाकवि गजैले या अंग्रेज़ी के महान ड्रेमेटिस्ट विलियम शेक्सपियर। 'रामकथा-वैश्विक सन्दर्भ में' का लोकार्पण करते प्रसिद्ध साहित्यकार केदारनाथ सिंह ने एक बार कहा था, फादर कामिल बुल्के के शोध ग्रन्थ 'राम कथा' की सर्वत्र चर्चा है। वास्तव में इस ग्रन्थ से हिंदी के संग-संग विदेश में भी रामकथा के तुलनात्मक साहित्य अध्ययन की शुरुआत हुई। उन्होंने अपनी मातृभूमि बेल्जियम में फ्रेंच के विरुद्ध फ्लेमिश भाषा की लड़ाई देखी और लडी थी। एक बार उन्होंने लिखा था, अगर वह हिंदी की सेवा में नहीं लगते तो अपने देश में फ्लेमिश क्रांतिकारी होते। उन्होंने रामकथा उत्पत्ति और विकास' ग्रंथ की रचना में कितना परिश्रम किया होगा, यह पुस्तक के अध्ययन से ही समझ में आ सकता है। रामकथा से संबंध रखने वाली किसी भी सामग्री को उन्होंने छोड़ा नहीं है। प्रथम भाग में 'प्राचीन रामकथा साहित्य' का विवेचन है, जिसके पांच अध्यायों में वैदिक साहित्य और रामकथा, वाल्मीकिकृत रामायण, महाभारत की रामकथा, बौद्ध रामकथा और जैन रामकथा संबंधी सामग्री की पूर्ण समीक्षा की गई है। द्वितीय भाग में रामकथा की उत्पत्ति है तो इसके चार अध्यायों में दशरथ जातक की समस्या, रामकथा के मूल स्रोत के संबंध में विद्वानों के मत, प्रचलित वाल्मीकीय रामायण के मुख्य प्रक्षेपों और रामकथा के प्रारंभिक विकास पर चिंतन किया गया है। ग्रंथ के तृतीय भाग में 'अर्वाचीन रामकथा साहित्य का सिंहावलोकन' है। इसमें भी चार अध्याय हैं। पहले और दूसरे अध्याय में संस्कृत के धार्मिक तथा ललित साहित्य में पाई जाने वाली रामकथा सम्बन्धी सामग्री की परीक्षा है। तीसरे अध्याय में आधुनिक भारतीय भाषाओं के रामकथा संबंधी साहित्य का विवेचन है। चौथे अध्याय में विदेश में पाये जाने वाले रामकथा के रूप में सार दिया गया है, जिसमें तिब्बत, खोतान, हिंदेशिया, हिंदचीन, श्याम, ब्रह्मदेश आदि में उपलब्ध सामग्री का पूर्ण परिचय एक ही स्थान पर मिल जाता है। अंतिम और चतुर्थ भाग में रामकथा संबंधी एक-एक घटना को लेकर उसका पृथक-पृथक विकास दिखलाया गया है। घटनाएं कालक्रम से ली गई हैं। उपसंहार में रामकथा की व्यापकता, विभिन्न रामकथाओं की मौलिक एकता, प्रक्षिप्त सामग्री की सामान्य विशेषताएं, विविध प्रभाव तथा विकास का सिंहावलोकन है। यह ग्रंथ वास्तव में रामकथा संबंधी समस्त सामग्री का विश्वकोष कहा जा सकता है। वास्तव में यह खोजपूर्ण रचना अपने ढंग की पहली ही है और अनूठी भी। हिंदी क्या संभवतः किसी भी यूरोपीय अथवा भारतीय भाषा में इस प्रकार का कोई दूसरा अध्ययन उपलब्ध नहीं है। हिंदी पट्टी में इस लोकप्रिय विषय पर ऐसे वैज्ञानिक अन्वेषण से धर्म और राजनीति के अनेक मिथक खंडित हो जाते हैं और शोधकर्ताओं को एक दिशा भी मिलती है। फ़ादर कामिल बुल्के का जन्म 1 सितम्बर, 1909 को बेल्जियम के पश्चिमी फ्लैंडर्स स्टेट के रम्सकपैले नामक गांव में हुआ। उनके पास सिविल इंजीनियरिंग में बी.एस.सी की डिग्री थी, जो उन्होंने लोवैन विश्वविद्यालय से प्राप्त की। 1934 में उन्होंने भारत का संक्षिप्त दौरा किया और कुछ समय दार्जीलिंग में रुके। उनके मन में हिंदी भाषा सीखने की ललक पैदा हो गई। उन्होंने लिखा है- मैं जब 1935 में भारत आया तो अचंभित और दुःखी हुआ।

अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई

संकलित

दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है।

-स्वामी विवेकानंद

गुरु की सीख से बड़ी से बड़ी मुश्किलें होती है दूर

संकलित

प्रेरणा

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

अंतर्मन

आज की पाती

स्वामी विवेकानंद के दिखाए मार्ग पर चलें युवा

बारह जनवरी को स्वामी विवेकानंद का जन्म दिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाएगा। स्वामी विवेकानंद ने युवाओं से कहा था कि उठो, जागो और तब तक डटे रहो जब तक कार्य की सिद्धि नहीं हो जाती। आज युवाओं के समक्ष जिस तरह की चुनौतियां हैं, उनसे निपटने के लिए युवाओं को विवेकानंद जी द्वारा दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए। सकारात्मक सोच रखकर ही युवा अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं को शपथ लेनी चाहिए कि वे नशे से दूर रहेंगे और देश के विकास में अपना पूरा योगदान करेंगे।

- मनोज मुदलियार, रायगढ़

ट्रेंड

सौभाग्य प्राप्त हुआ

अयोध्या जी में 22 जनवरी को राम मंदिर में हम सभी के आराध्य रामलला विराजमान होंगे। इस पुनीत अनुष्ठान का हिस्सा बनने के लिए आज तिलोई विधानसभा के घर-घर जाकर पूजित अक्षत वितरित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

-स्मृति ईशानी, केंद्रीय मंत्री

राजनीतिक दुरुपयोग

युवाओं को विचार करना ही होगा कि क्या होगी हमारे भारत की पहचान? जीवन की गुणवत्ता या सिर्फ भावुकता? उत्तेजक नारे लगाता युवा या रोजगार प्राप्त युवा? मोहब्बत या नफरत? भावनात्मक मुद्दों का राजनीतिक दुरुपयोग किया जा रहा है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

इनकार कर दिया

भारत के प्रमुख शंकराचार्यों, उड़ीसा में गोवर्धन मठ के स्वामी निश्चलानंद सरस्वती और उत्तराखंड में ज्योतिष पीठ के स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अयोध्या में राम मंदिर के प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने से इनकार कर दिया है।

-सुब्रमण्यम स्वामी, भाजपा नेता

ड्रीम गर्ल का बच्चा

आखिरकार मुझे अपनी ड्रीम गर्ल के नए बच्चे को देखने का समय मिल गया। वह बहुत एथलेटिक और शर्मीला है। उसका नाम वीर सावरकर" के बाद वीर रखा गया। मेरी "आशा" की किरण बड़ी हो गई है और बहुत सफेद और बहुत सुंदर हो गई है।

-रणदीप हुड्डा, अभिनेता

करंट अफेयर

उ. कोरिया ने रूसी पर्यटकों के लिए अपनी सीमा खोली

कोविड-19 महामारी के चलते 2020 में लॉकडाउन लगाए जाने के बाद पहली बार उत्तर कोरिया रूसी पर्यटकों के लिए अपनी सीमाएं खोलेगा। रूस सरकार संचालित 'तास' समाचार एजेंसी द्वारा बुधवार को प्रसारित खबर रूस और उत्तर कोरिया के बीच बढ़ते सहयोग को उजागर करती है। पिछले साल सितंबर में रूस के सुदूर पूर्व में एक 'कॉस्मोड्रोम' में उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई बैठक के बाद पर्यटकों की यात्रा शुरू होने वाली है। 'तास' की खबर में पर्यटकों की यात्रा के समय के बारे में नहीं बताया गया है लेकिन विश्लेषकों को इससे हैरानी हुई है जिन्होंने उम्मीद जताई की थी

ऑफ बीट

अंतरिक्ष से सौर ऊर्जा का पृथ्वी पर परावर्तन

यदि आपने पांच फरवरी 1993 की सर्द रात में यूरोप में आकाश को देखा होगा, तो संभावना है कि आपने प्रकाश की एक मंद चमक देखी होगी। वह चमक 'ज्नाम्या-2' नामक रूसी अंतरिक्ष के दर्पण प्रयोग से आई थी। ज्नाम्या-2, एल्युमीनियम फ्रॉइल की तरह एक 20 मीटर की परावर्तक संरचना थी, जिसे उस अंतरिक्ष यान से प्रक्षेपित किया गया था, जिसने रूसी मीर अंतरिक्ष स्टेशन से उड़ान भरी थी। इसका लक्ष्य यह प्रदर्शित करना था कि सौर ऊर्जा को अंतरिक्ष से पृथ्वी तक परावर्तित किया जा सकता है। ज्नाम्या का रूसी भाषा में अर्थ है 'बैनर'। यह पहला और अंतिम अवसर था, जब किसी दर्पण को इस उद्देश्य के लिए अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया गया था।

संक्षेप

सुल्तानपुर में महिला की धारदार हथियार से की गई हत्या

घर में मिला शव, फेरी करने गया हुआ था पति, पुलिस कर रही जांच

सुलतानपुर, सुल्तानपुर के कादीपुर में महिला की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल करते हुए मामले की पड़ताल किया है। शव को पोस्टमार्टम में भेजकर पुलिस विधिक कार्रवाई में जुट गई है। घटना कादीपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर नवाजगढ़ गांव के बझौआ मोहल्ले की है। जहां आज शाम 30 वर्षीय महिला की धारदार हथियार से हत्या की गई है। जानकारी के अनुसार सुफीना (30) पत्नी अल्ताफ अपने घर में पति के साथ रहती थी। शुक्रवार को पति अल्ताफ निरमा बेचने बाहर गया था। शाम को जब वो घर लौटा तो देखा उसकी पत्नी घर में मृत अवस्था में पड़ी हुई है। पत्नी को ऐसी अवस्था में देखकर वह चिल्लाने लगा। जिससे आसपास की भीड़ इकट्ठा हो गई गांव वालों ने घटना की सूचना तुरंत कोतवाली कादीपुर को दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी विनय कुमार गौतम मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की छानबीन पुलिस कर रही है। घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सीओ कादीपुर विनय गौतम ने बताया तहरीर प्राप्त होने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

बस गया तंबुओं का शहर, पहुंचने लगे कल्पवासी

संगम तट पर 15 जनवरी से शुरू हो रहा माघ मेला, पुलिस, डॉक्टर और सफाईकर्मी मुस्तैद

प्रयागराज, संगम नगरी प्रयागराज में तंबुओं का शहर बस चुका है। गंगा, यमुना और सरस्वती के किनारे बसे इस मेले में देश भर से साधु संत व कल्पवासियों का आना भी शुरू हो गया है। यहां 15 जनवरी यानी मकर संक्रांति पर्व से माघ मेले की शुरूआत हो जाएगी। 15 को ही पहला स्नान पर्व होता है जिसमें देश भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने पहुंचेंगे। गंगा यमुना के किनारे बड़ी मात्रा में पुआल बिछाने का काम जोरों से चल रहा है ताकि स्नानार्थियों को ठंड से बचाया जा सके। पुलिस व पैरामिलिट्री के जवानों को मुस्तैद कर दिया गया है। श्रद्धालुओं की सेहत का ख्याल रखने के लिए बड़ी संख्या में डॉक्टर व अन्य स्वास्थ्यकर्मी अपने तैनात स्थल लग गए हैं। पूरा मेला पांच सेक्टरों में बसाया गया है। मेला प्रशासन का अनुमान है कि करीब 2 करोड़ स्नानार्थियों स्नान के लिए पहुंचेंगे। माघ मेले में 2 बड़े यानी 20-20 बेड के अस्पताल बनाए गए हैं जिसका नाम त्रिवेणी और गंगा है। त्रिवेणी अस्पताल बनकर तैयार है, यहां आज यानी 13 दिसंबर से आने वाले श्रद्धालुओं का इलाज शुरू हो जाएगा।

मकर संक्रान्ति के अवसर पर आयोजित हुआ खिचड़ी भोज

मुख्य अतिथि रहे थाना प्रभारी राकेश कुमार पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि आरएफओ पंकज साहू

नशा मुक्त समाज बनाने का लिया गया सामूहिक संकल्प

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। ब्लॉक नवाबगंज क्षेत्र में रूल ऑफ लॉ सोसायटी के तत्वावधान में भारत नेपाल सीमावर्ती इलाके में स्थित चौगोंई विलासपुर में मकर संक्रान्ति के अवसर पर समाज सेवी धीरेन्द्र कुमार शर्मा के आवास पर खिचड़ी भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया, चौपाल का आयोजन कर नशा उन्मूलन महाअभियान से जन जन को जोड़ने का सामुहिक संकल्प लिया गया। सीमावर्ती इलाकों में पर्यावरण संरक्षण के लिए पंचवटी प्रजाति के वृक्षों के रोपण व उनके संरक्षण की कार्य योजना भी बनाई गई, सीमावर्ती ग्राम चौगोंई विलासपुर में आयोजित नशा उन्मूलन जन चौपाल को सम्बोधित करते हुए रूल ऑफ लॉ सोसायटी अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया की सीमावर्ती इलाकों में अवैध नशा कारोबार तेजी से बढ़ रहा है इसपर पूर्ण विराम न लगाया गया तो हालात भयावह होंगे। ग्राम प्रधान संगठन जिला उपाध्यक्ष तकम्मस खां ने कहा की अवैध नशा कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ग्रामीण प्रतिनिधियों के सहयोग से विशेष जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है और अधिकाधिक संख्या में पंचवटी प्रजाति के पेड़ लगाए ताकि पर्यावरण मानवा नुकूल बना रह सके। अब्दुल्ला गंज वन क्षेत्राधिकारी पंकज साहू ने बताया की सीमावर्ती इलाकों में स्थित चर्दा रेंज में वन कटान रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है साथ ही आम जन से समन्वय बनाकर अधिकाधिक संख्या में पंचवटी प्रजाति के वृक्षों रोपण व संरक्षण का अभियान भी चलाया जा रहा है। नवाबगंज थानाध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने बताया की अवैध नशा कारोबार पर प्रभावी अंकुश के लिए सीमावर्ती इलाकों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है साथ ही अवैध नशा कारोबारियों पर विशेष नजर भी रखी जा रही है ताकि अवैध नशा कारोबार क्रय विक्रय उपभोग व उत्पादन पर पूर्ण विराम लग सके। जन चौपाल का संचालन पर्यावरण विद पत्रकार धीरेन्द्र कुमार शर्मा ने किया।

आयोजित चौपाल समापन अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी जुनैद अंसारी व जमील अंशरी के निर्देशन में अवैध नशा कारोबार क्रय विक्रय उपभोग व उत्पादन पर पूर्ण नियंत्रण के लिए सामूहिक संकल्प भी दिलाया गया, इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजसेवी मन्टु खां शैलेन्द्र शर्मा, गोविंद मौर्या रामगोपाल शर्मा, वन्दना शर्मा, शिवा शर्मा, आदि लोग उपस्थित रहे।

महा संपर्क अभियान चलाकर घर-घर दिया जा रहा है आमंत्रण

श्री राम भक्त वितरित कर रहे पूजित अक्षत

अमन लेखनी समाचार/विनोद जायसवाल

बहराइच। महा संपर्क अभियान चलाकर श्री राम भक्तों की टोली नगर सहित पूरे जनपद में श्रीधाम अयोध्या में पूजित अक्षत का वितरण कर लोगों को आमंत्रित कर रही है। अक्षत वितरण के दौरान राम भक्त अक्षत प्राप्त कर प्रफुल्लित और भाव विभोर हो रहे हैं। बहराइच नगर में 26 बस्तियों में एक साथ 78 टोलियों के माध्यम से अक्षत का वितरण किया जा रहा है। बहराइच नगर में विभाग प्रचारक डॉक्टर अवधेश, जिला प्रचारक अजय, नगर प्रचारक दौलत, नगर कार्यवाह शिवम सह कार्यवाह रामसकल सहित नगर के कार्यकताओं द्वारा अक्षत वितरण किया गया। विकासखंड तेजवापुर के ग्राम पंचायत आदिलपुर में विनय एवं अजय की संयोजन में भव्य शोभायात्रा निकालकर श्री धाम अयोध्या में पूजित अक्षत लोगों में वितरित किया गया। शोभायात्रा में जिला कार्यवाह भूपेंद्र, विभाग प्रचारक प्रमुख अतुल गौड़, सद्भाव प्रमुख ओमप्रकाश, जिला सामाजिक समरसता संयोजक रजनीश, खंड कार्यवाह अभिषेक सहित भारी संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे। इसी प्रकार कैसरगंज विकासखंड में महा संपर्क अभियान चलाकर श्री धाम अयोध्या में पूजित अक्षत का वितरण किया गया। कैसरगंज में अक्षत वितरण कार्यक्रम में विभाग पर्यावरण संयोजक डॉ देवेंद्र उपाध्याय खंड संचालक उमेश खंड कार्यवाह मोहित सहित क्षेत्र के राम भक्त शामिल रहे। फखरपुर खंड के सभी 86 ग्राम पंचायत में राम भक्त की तो राम भक्तों की टोली द्वारा अक्षत वितरण किया गया। अक्षत वितरण में विभाग कार्यवाह अंबिका प्रसाद खंड कार्यवाह वरुण, सौरभ, अमर, कृष्णाकिंकर, सुरेश पाल, बजरंगबली, आयुष शुक्ला, उमेश शुक्ला सहित राम भक्त शामिल रहे।

अयोध्या जाने वालों के लिए प्रशासन हुआ अलर्ट

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। अयोध्या जाने वालों के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। जनपद बहराइच के थाना जरवल रोड के अंतर्गत एकलव्य स्कूल के पास सघन चेकिंग अभियान की शुरूआत की गई जिसमें पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रूपेंद्र कुमार गौड़ भारी पुलिस बल के साथ वहां तैनात सभी पुलिस कर्मियों को सख्त दिशा निर्देश दिये कि कोई भी वाहन बगैर चेकिंग के अंदर प्रवेश नहीं करेगा।

किसी भी वाहन में किसी भी तरह का अराजकता फर्जी तरीके से असलहा, नुकसानदेह वाले आइटम नहीं जाएंगे। प्रभु श्री राम के यहां ले जाने वाले प्रसाद माला को किसी भी सूरत में नहीं रोका जाएगा, जो भी अयोध्या जा रहे हैं उनकी जांच बहुत ही सघनता पूर्वक की जा रही है।

उत्कृष्ट कार्यों को देख भाजपा ने पुनः संतोष गुप्ता को सौपा अमौली मंडल का कार्यभार

कर्तव्यनिष्ठ मंडल अध्यक्ष को पुनः निर्वाचित होते देख पदाधिकारियों ने कार्यालय में मनाया जस्न

अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। अमौली भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता को पुनः मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर पूर्व जिला मंत्री डॉ राम भक्त वर्मा रामप्रताप सचान आशीष वर्मा अशरफ खान अमित कश्यप ज्ञानेंद्र साहू संदीप साहू शिवा गुप्ता शुभम ठाकरे सुरेन्द्र सिंह शिवशंकर निषाद दीपक निषाद सचिन सिंह सोहन यादव इरफान खान शशि कांत पाल मोहित सोनी समेत दर्जनों क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया पुनः ताजपोशी पर मंडल अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के द्वारा सम्मानित किए जाने पर संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा दिए सभी निदेशों को अक्षरशः पालन एवं कार्यकताओं के सम्मान को बनाए रखने के साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए तन मन धन से सतत्काम करता रहूंगा इस दौरान पूर्व जिला मंत्री डॉ राम भक्त वर्मा का जन्मदिन मनाया गया कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने केक खिलाकर स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए सम्मानित किया

जल जीवन मिशन के घटक हर घर नल योजना में जनपद को मिला तृतीय स्थान

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शीर्ष प्राथमिकता अन्तर्गत जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी मोनिका रानी के प्रयास से आकांक्षात्मक जनपद बहराइच को 25 से 50 प्रतिशत की श्रेणी में देश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। यह जानकारी देते हुए अधि.अभि. जल निगम ने बताया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक 5 लाख 53 हजार 670 गृह स्वामियों को हर घर नल योजना के तहत कनेक्शन निर्गत करते हुए 4 लाख 45 हजार 814 गृह स्वामियों को जलापूर्ति करायी जा रही है। अधि.अभि. जल निगम ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी व मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. के कुशल मार्गदर्शन में मार्च 2024 तक कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जल निगम व जल जीवन मिशन अन्तर्गत कार्यरत अधिकारियों एव कर्मचारियों द्वारा भ्रसक प्रयास किया जा रहा है।

प्रमुख कार्यालय पर आज होगा खिचड़ी सहभोज का आयोजन

बाबागंज बहराइच। कस्बा बाबागंज स्थित ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह के कार्यालय पर आज मंगलवार को खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रमुख प्रतिनिधि शिवपूजन सिंह ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस बार भी मकर संक्रांति के पावन पर्व पर ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह के बाबागंज मे बाबा परमहंस कुटी निकट स्थित जन सम्पर्क कार्यालय पर खिचड़ी समरसता सहभोज का आयोजन किया जा रहा है। प्रमुख प्रतिनिधि शिवपूजन सिंह ने बताया कि इस अवसर पर क्षेत्र के सभी पत्रकार बंधु सहित समस्त क्षेत्रवासी सादर आमंत्रित हैं।

अम्बेडकर नगर में रसोइयों ने दिया धरना

कहा- राज्य कर्मचारी का दर्जा दे सरकार, संगठन ने वेतन बढ़ाने और अन्य मुद्दों को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

अम्बेडकरनगर, अम्बेडकरनगर में राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, वेतन में बढोत्तरी करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर रसोइया जनकल्याण समिति ने आज कलेक्ट्रेट के निकट अम्बेडकर प्रतिमा के प्रांगण में धरना दिया। धरने के बाद संगठन ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। रसोइया जनकल्याण समिति के राम निरंजन कन्नौजिया ने कहाकि प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय में रसोइया करीब 6 घण्टे कार्य करती है और बच्चो का खान बनाने से लेकर स्कूल के अन्य कार्य करती है, लेकिन इन्हें वेतन के नाम पर 2 हजार रुपये दिया जाता है, जिससे रसोइया तथा उनका परिवार इस मंहगाई में आर्थिक तंगी से जूझता है। रसोइया की नियुक्ति एक शिक्षा सत्र का होता है। उन्हें वेतन 10 माह का दिया जाता है। उन्होंने कहाकि रसोइया की मांग है कि उन्हें राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए पूरे साल 12 माह का वेतन दिया जाए। इसके साथ वेतन बढ़ा कर दस हजार किया जाए और राज्य कर्मचारियों की तरह उन्हें आयुष्मान कार्ड का लाभ दिया मिले। विद्यालय में छात्र संख्या कम होने पर उन्हें हटाया न जाए। संगठन ने मांग किया कि अन्य कर्मचारियों की भांति रसोइयों को आकस्मिक एवं मातृत्व प्रसूति अवकाश दिया मिले। साथ ही रसोइया के साथ दुर्घटना होने पर 5 लाख तक स्वास्थ्य चिकित्सा लाभ एवं मृत्यु होने पर परिवार को 50 लाख रुपये क्षतिपूर्ति दिया जाए।

पूजित अक्षत व पत्रक के साथ घर घर आमंत्रण पहुंचा रहे रामभक्त

बालसिंहपुर, अम्बा, उर्रा बाजार में निकली अक्षत कलश की शोभायात्रा

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

मोतीपुर, बहराइच। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर का उद्घाटन होना है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के क्रम में ही राम भक्तों द्वारा शहर से लेकर गांव तक अयोध्या धाम से आए पूजित अक्षत कलश की शोभायात्रा निकालकर घर- घर निमंत्रण देने का अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम मे भीषण शीतलहर व ठंड के बीच राम भक्तों द्वारा मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के ग्राम उर्रा में श्रीराम जन्म भूमि अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। पूरे गांव का भ्रमण करने के साथ- साथ लोगों को घर घर जाकर अक्षत वितरित किया। गांव के बीच स्थित दुर्गा पूजा स्थल से अक्षत कलश यात्रा की शुरूआत हुई।

पूजित अक्षत कलश यात्रा बगिया, चाइन टोला, उर्रा बाजार, अंबेडकर पार्क होते हुए गायत्री विद्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान गांव में जगह-जगह लोगों द्वारा अक्षत कलश व राम दरबार का पुष्प वर्षा तथा आरती कर यात्रा का स्वागत किया गया। समापन के बाद गायत्री विद्यालय में समरसता खिचड़ी भोज का भी आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित रामभक्तों व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नानपारा के जिला प्रचारक अजय जी ने 22 जनवरी को राम मन्दिर नूतन विग्रह प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में अपने घरों के समीप मन्दिरों मे, घरों में पूजा पाठ, हरिकीर्तन करने व साथ ही रात्रि में अपने घरों में दीपक जलाने का आह्वान किया। विधायक प्रतिनिधि आलोक जिंदल ने कहा कि 500 वर्षों की संघर्ष के बाद यह शुभ दिन आया है।

हम सब सौभाग्य -शाली हैं कि हम लोगों के समय में मंदिर का निर्माण हो रहा है और हम सब अयोध्या धाम में बन रहे मंदिर में रामलाल के दर्शन कर पाएंगे। कार्यक्रम आयोजन में युवा समाजसेवी पियूष मौर्य, आरपी निगम, मिथिलेश मौर्य आदि का प्रयास सराहनीय रहा।

इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह, सीमा जागरण मंच के जिला महामंत्री युवा नेता योगेन्द्र मौर्य, खंड कार्यवाह आशीष, खंड प्रचारक महेश्वर जी, मिहींपुरवा नगर अध्यक्ष जितेन्द्र मदेशिया, भाजपा नेता शिवसागर गौतम, वीरेन्द्र गुप्ता, मिथिलेश मौर्य, सुड्डू सिंह, आरपी निगम, जयप्रकाश यादव, जगदीश प्रजापति, शैलेन्द्र साहनी, मनीष पोरवाल, स्वयं सेवक अमित वर्मा, जयप्रकाश सिंह, द्रविड़ चौहान, आशु मौर्य, रवि शर्मा सहित काफी संख्या में महिला पुरुष व स्थानीय कार्यकर्ता शामिल रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मोतीपुर थानाध्यक्ष दद्दन सिंह के निर्देशन मे मोतीपुर पुलिस टीम उपस्थित रही। मिहींपुरवा तहसील क्षेत्र के बालसिंहपुर, सायपुर, अम्बा आदि गांव में भी अयोध्या धाम पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाल कर घर-घर निमंत्रण दिया गया।

प्रयागराज में अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़

तीन पिस्टल, 10 तमंचा व असलहा बनाने के उपकरण मिले, 35 हजार में बेचते थे पिस्टल

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, प्रयागराज के नैनी में पुलिस और एसओजी टीम ने अवैध असलहा फैक्ट्री पर छापेमारी कर बड़ा खुलासा किया है। यहां अरैल के पास स्थित कांशीराम कालोनी में अवैध असलहा बनाने का धंधा चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पहुंची टीम ने इसमें शामिल चार लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है जिसमें एक व्यक्ति अवैध असलहे की खरीदारी करते हुए पकड़ा गया है। यह सभी प्रयागराज के अलग अलग इलाके के रहने वाले हैं। मौके से तीन पिस्टल, 10 से ज्यादा तमंचा व असलहा बनाने वाले कई उपकरण भी मिले हैं। पुलिस ने सब बरामद करते हुए जांच पड़ताल में जुटी है। पकड़े गए लोगों ने बताया कि वह बिहार राज्य के जमालपुर व मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा व खंडवा से यह सब सामान बनाते थे जिसे वह यहां महंगे दामों में बेचते थे। पिस्टल करीब 35 हजार रुपये में बेचे जाते थे जबकि तमंचा 12 से 15 हजार रुपये तक लोगों को बेचते थे। यहां से कई लोग संपर्क करके अवैध असलहा की खरीदारी करते थे अब पुलिस व एसओजी की टीम उन तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

6 लाख खाली पदों को भरने करने के लिए हुंकार

प्रयागराज में कई दिनों से चल रहा है युवाओं को धरना प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, लगातार कई दिनों से चल रहा युवाओं का धरना प्रदर्शन आज शुक्रवार युवा दिवस के मौके पर और तेज हो गया। सिविल लाइंस के पत्थर गिरजाघर के पास सैकड़ों की संख्या में जुटे युवाओं ने जमकर नारेबाजी की और सरकार को संबोधित ज्ञापन भेजकर मांग की है कि प्रदेश में खाली 6 लाख पदों पर भर्ती की जाए। युवाओं ने मुख्यमंत्री के नाम से भेजे ज्ञापन को एसीएम द्वितीय तपन मिश्रा को सौंपा। युवाओं ने कहा, इसी तरह से ठंड में भी हमारा धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। युवाओं ने कहा, रोजगार के लिए आज प्रदेश के युवा भटक रहे हैं। वाजिब सवालों को हल करने को लेकर सुनवाई न होने से प्रशासन से नाराजगी जताई और बेमियादी धरना जारी रखने का ऐलान किया। छह लाख रिक्त पदों को तत्काल भरने के अलावा प्रमुख रूप से शिक्षा सेवा आयोग का 30 जनवरी तक विधिवत गठन, टीजीटी पीजीटी विज्ञापन में 25 हजार रिक्त सीटें शामिल करने, एलटी व प्रवक्ता जीआईसी, प्राथमिक शिक्षक भर्ती, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में 46 हजार बीपीएड शिक्षकों के लिए नियमित भर्ती, माध्यमिक विद्यालयों में योगा के पांच हजार पदों के प्रस्ताव पर अमल करने, समूह 'ग' व तकनीकी संवर्ग समेत अन्य विभागों में रिक्त पदों को तत्काल विज्ञापित करने, सभी भर्तियों में न्यूनतम तीन साल उम्र सीमा में छूट, सभी लंबित भर्तियों को चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले पूरा करने जैसे सवालों को हल करने की मांग की गई।

हमीरपुर में भ्रष्टाचार के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

बोले- बस कागजों में हुआ है सारा विकास, ठेकेदार के खिलाफ हो सख्त कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर, हमीरपुर में ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए गांव में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद की है। ग्रामीणों का आरोप है की क्षेत्र पंचायत की तरफ से कागजों में काम करा दिया गया जबकि धरातल में कुछ भी नहीं हुआ है। ऐसे में ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इस लड़ाई में हम पीछे हटने वाले नहीं हैं। कलेक्ट्रेट में भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन करने पहुंचे यह सभी लोग राठ तहसील क्षेत्र में गिरवर गांव के रहने वाले थे। यहां इन लोगों ने कलेक्ट्रेट के गोल चबूतरे में प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसके माध्यम से इन लोगों ने बताया की पानी की टंकी के पास से जल अवरोध निर्माण योजना के तहत कार्य होना था। जो की कागजों में पूरा कर दिया गया। इस मामले की 10 जनवरी को जब तहसीलदार और लेखपाल ने जांच की तो धरातल में कोई काम नहीं हुआ था। शिकायतकर्ता अनूप श्रीवास्तव और सुरेश श्रीवास्तव ने बताया की जब तहसीलदार और लेखपाल ने जांच की तो ठेकेदार के लोग आए और रातोरात बुलडोजर लगा कर कच्ची सड़क खोद डाली। बोल्डर डाल कर चले गया। साथ ही गांव वालों को देख लेने की धमकी देकर चले गए हैं।

संक्षेप

पंचायत भवन में रखा सामान चोरी केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर।,सहजनवा थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत बरईपार स्थित पंचायत भवन में रखा सामान चुरा ले गए है। प्रधान पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।मिली जानकारी से ग्राम पंचायत बरईपार पंचायत भवन पर प्रिंटर, मनीटर,यूपीएस, सीपीयू के अलवा रजिस्टर रखा हुआ था। 12 दिसंबर को चोर पंचायत भवन का ताला तोड़ कर सारा सामान चुरा ले गए थे।प्रधानों पुत्र अरविंद सिंह की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

6 से 8 तक जनपद के समस्त विद्यालयों में 18 जनवरी तक रहेगा अवकाश।

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार जिला विद्यालय निरीक्षक रीता सिंह ने बताया कि अत्याधिक ठण्ड, शीतलहरी एवं कोहरा के दृष्टिगत जनपद के समस्त बोर्ड के राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/वित्तविहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य को आदेशित करते हुए कक्षा-6 से कक्षा-8 तक अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के विद्यालय में 18 जनवरी 2024 तक अवकाश रखने के साथ ही जनपद के कक्षा-9 से कक्षा-12 तक के समस्त विद्यालयों का संचालन अग्रिम आदेशों तक प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक किया जायेगा।

सीतापुर में 7 डिग्रीसेल्सियस पहुंचा तापमान

सीतापुर, सीतापुर में सर्द हवाओं और शीतलहर का प्रकोप लगातार जारी है।शुक्रवार को निकली हल्की धूप के बाद शनिवार की सुबह फिर मौसम ने करवट ले ली है।देर रात से शुरू हुई सर्द हवाओं के साथ सुबह कोहरे से ढका हुआ शहर दिखा।कोहरे की चादर होने से सड़कों पर विजिबिलिटी महज 200 मीटर ही रह गई। जिससे सड़कों पर निकलने वाले वाहन लाइट जलाकर निकलने को मजबूर रहे।सर्द हवाओं ने तापमान भी गिराया है। आज सुबह का तापमान 7डिग्रीसेल्सियस दर्ज किया गया है। कड़ाके की ठंड के चलते डीएम ने स्कूलों को बंद रखने के निर्देश दिए हैं।शुक्रवार की देर रात से शुरू हुई शीतलहर की सर्द हवाओं ने गलन को और बढ़ा दिया है।साथ ही सुबह कोहरे की चादर ने मौसम को ठंडा बनाया। तापमान गिरने और कोहरे के चलते लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं।इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक सामानों और गर्म कपड़ों की बिक्री बढ़ गई है। इसके साथ ही सड़कों पर निकलने वाले वाहन लाइट जलाकर निकलने को मजबूर हैं। वहीं कॉलेज जा रहे छात्रों को ठंड का सामना करना पड़ रहा है। घने कोहरे की चादर से ठंड का प्रकोप लगातार जारी है। ठिठुरन से लोगो की दिनचर्या भी प्रभावित हुई है।जिले के नर्सरी से कक्षा 8 तक के विद्यालय बंद किए जा चुके हैं।

समाजसेवी ने जरूरतमंदो में बांटे 251 कंबल

गोला के वार्ड 6 में गरीब असहायो में बांटा गया कंबल

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गोला के वार्ड संख्या 6 निवासी समाजसेवी शिव प्रसाद वर्मा द्वारा अपने पिता स्व तिलकराम वर्मा की स्मृति में सोमवार को अपने आवास पर गरीबों में 251 कम्बलो का वितरण किया। कम्बल वितरण कार्यक्रम के पश्चात भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन ने कहा कि कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों की मदद करना पुनीत कार्य है।आगे कहा कि इस ठंड में जरूरतमंदों को निजात दिलाने के लिए कंबल सहायक होगा।कार्यक्रम में अतिथि पुर्व नगर अध्यक्ष दिलीप कुमार उमर, पुर्व सभासद अशोक कुमार वर्मा व वरिष्ठ समाजसेवी इंद्र बहादुर वर्मा ने कहा कि गरीब असहाय व जरुरतमंदों की सेवा ईश्वर सेवा के समान होता है।इस नेक कार्य के लिए संभ्रांत लोगों को आगे आना चाहिए।तभी सही मायने में एक स्वस्थ समाज की स्थापना के साथ सच्ची समाज सेवा होगी।कार्यक्रम से पुर्व आयोजक शिव प्रसाद वर्मा और पुष्पा वर्मा सहित सपरिवार व उपस्थित अतिथि गणों ने स्व श्री तिलकराम वर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया । कार्यक्रम के आयोजक श्री वर्मा ने आगंतुकों के प्रति आभार प्रगट करते हुए कहा कि गरीब असहाय व जरूरतमंदो की सेवा सबसे बड़ा मानव सेवा है।इस सेवा से आत्म संतुष्टि के साथ ही पुण्य की प्राप्ति होती है।इस अवसर पर प्रमुख रूप से विष्णु जायसवाल, रमेश तिवारी, मारकंडे उमर, इमरान अंसारी, दुर्गेश वर्मा, कुंदन वर्मा, विशाल वर्मा, रागिनी वर्मा, संदीप वर्मा, पप्पू वर्मा, दीपक वर्मा, दीपू जायसवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

बच्चे को बाइक से रौदा विरोध करने पर पीटा केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा,गोरखपुर।सहजनवा थाना क्षेत्र के जोंनहिया में दरवाजे पर खेल रहे 4 वर्षीय बच्चे को बाइक सवार ने रौद दिया। विरोध करने पर आरोपी के परिजन आए और पीड़ित परिवार को पीट दिया। पुलिस ने चार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।मिली जानकारी से अजय कुमार पुत्र ओरी राम निवासी जोनहिया का 4 वर्षीय लड़का स्वामी दरवाजे पर खेल रहा था उसी दौरान गांव का एक युवक तेज गति से बाइक चलाते हुए आया है। बच्चे को रौद दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे के परिजन ने विरोध किया तो आरोपी अपने घर वालो को बुला लिया। तो वह गाली गलौज,मारपीट पर आमादा हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी संदीप विश्वकर्मा,इसकी मां,भाई दीपक,ममता के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

युवा सशक्तिकरण योजना के तहत छत्रों में हुआ स्मार्टफोन का वितरण

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सोमवार को श्यानरायण राय डिग्री कालेज में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत छात्रों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया तथा लोगों को जागरूक किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता श्यामनरायन दुबे ने कहा कि भाजपा देश को सामाजिक आर्थिक तथा आधुनिक रुप से समृद्ध बनाने के लिए प्रयासरत है।प्रदेश की भाजपा सरकार युवाओं को डिजिटल रुप से आधुनिक बनाने के लिए स्मार्टफोन का वितरण कर रही है।इससे युवा दक्ष होकर देश व प्रदेश की तरक्की में अपना अभूतपूर्व योगदान करेंगे।इस दौरान 54 छात्रों में स्मार्टफोन का वितरण किया गया।इस अवसर पर कालेज के प्रबंधक कृष्ण गोपाल राय हेमंत कुमार मिश्र श्रीकृष्ण शुक्ल राजनरायण मिश्र उमेश कुमार मिश्र उमेश कुमार रावत सरिता शुक्ल सुधांशु दुबे अंकिता शुक्ल अंशिका शुक्ल अन्नू जूही सहित आदि लोग मौजूद थे।

भाजपा सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र तक पहुंचाया-रत्नेश पांडेय

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा, गोरखपुर। केंद्र व प्रदेश सरकार ने पात्र लोगो के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को संचालित किया है।जिसका लाभ पात्र व्यक्तियों मिल रहा है।योजनाओं में किसानो को सम्मान निधि,किसान बीमा,महिलाओ को निःशुल्क उज्ज्वला गैस सिलेंडर, पीएम और सीएम आवास, स्वास्थ्य बीमा,आयुष्मान कार्ड, सहित अनेक योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को मिल रहा है। इसके अलावा वृद्धा,विधवा,विकलांग पेंशन, सहित अनेक योजनाएं संचालित है। उक्त बातें क्षेत्रीय किसान मोर्चा महामंत्री रत्नेश पांडेय ने सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत मझौरा और पिपराहेमा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रधान उमेश यादव व जय प्रकाश ने किया। तथा संचालन राममणि उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओ की गोद भराई भी किया गया। इस दौरान जिला महामंत्री डा आरडी सिंह जिलामंत्री राम उजागिर शुक्ल, मंडल अध्यक्ष धारनीधर त्रिपाठी, ग्राम सचिव शिल्पी यादव , सत्य प्रकाश सहित अनेक लोग मौजूद थे।

भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा शुरू

अमन लेखनी समाचार

शुकुल बाजार, अमेठी। विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हुसैनपुर से मुख्य यजमान अशोक कुमार मौर्य व मनोज कुमार मौर्य के निज निवास से सोमवार को शुरू होने वाली श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व सुबह भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान शोभा यात्रा में पीत वस्त्रधारी महिला श्रद्धालु अपने सिर पर कलश रखकर चल रहीं थीं। शोभा यात्रा में श्रद्धालु बैंडबाजा की धुन पर बज रहे भक्ति गीतों पर जमकर थिरके। कलश यात्रा समापन के बाद संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। सोमवार को हुसैनपुर गांव निवासी मनोज कुमार मौर्य के निज निवास से भव्य कलश शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इसे पूर्व भागवताचार्य श्री गुरुणेश जी महाराज ने सबसे पहले गणेश पूजन कर 51 कलशों का पूजन कराया। शोभा यात्रा साईगंज चौराहा होते हुए अंबेडकर चौराहा बाजार शुकुल कस्बा स्थित चारों धाम धर्मशाला से होकर पांडेय गंज चौराहा होते हुए आदि गंगा गोमती तट पहुंची जहां आचार्य द्वारा पूजा अर्चना कर जल भरकर के प्रमुख मार्गों से होते हुए। वापस आयोजन स्थल पहुंचकर समाप्त हुइ। इसके उपरांत आचार्य श्री गुरुणेश जी महाराज ने शाम के समय कथा का शुभारंभ किया।आचार्य ने बताया कि यह कथाएं युग परिवर्तन का माध्यम हैं। आज संसार में व्याप्त संस्कृति, सभ्यता इसकी सुरक्षा केवल और केवल राम कथा और कृष्ण कथा से हो रही है। अगर हमारे समाज में यह कथाएं न हों, भगवान के दिव्य चरित्रों का गान न हो तो हमारे दैनिक जीवन में हमारी संस्कृति में हमारी सभ्यता में प्रेम का बास ही नहीं होगा, हमारा जीवन शून्यता की ओर चला जाएगा। कहा कि भगवान की कथा हमारे जीवन में समरसता, प्रेम और आत्मीयता को स्थापित करती है। आयोजक मनोज कुमार मौर्य ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा 15 जनवरी 2024 से 21 जनवरी 2024 रविवार तक कथा समय शाम 5: बजे से रात्रि 10:बजे तक चलेगी सभी श्रद्धालुओं से संगीतमयी कथा का रसपान करने की अपील की। इस शुभ अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष सतीश मिश्रा,मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा अरुण शुक्ला, समाजसेवी अभिषेक शुक्ला विधायक,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि संजय मौर्य,सोमनाथ दुबे, अजय शर्मा, विकास कौशल संतराम मौर्य सहित हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

मेरठ में ज्वैलरी की दुकान में लगी आग

मेरठ में ज्वेलर्स की दुकान में आग लगने से मचा हड़कंप, लाखों का नुकसान

अमन लेखनी समाचार

मवाना, मेरठ के मवाना में सरार्फा बाजार में स्थित ज्वैलरी की दुकान में देर रात आग लग गई। सूचना मिलने पर आसपास के व्यापारी मौके पर एकत्र हो गए। पुलिस ने व्यापारियों के साथ मिलकर आग को बुझाने का प्रयास किया। इसके काफी देर बाद पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। हादसे में लाखों के नुकसान की आंशका जताई जा रही है। मामले की जांच की जा रही है। मवाना निवासी नरेंद्र सर्राफ की सुभाष बाजार में दुकान है। जहां उसके दोनों बेटे विनय और मोहित ज्वेलर्स का काम करते हैं। शुक्रवार देर रात अचानक शार्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही अन्य व्यापारियों में हड़कंप मच गया। मौके पर एकत्र व्यापारियों ने आग बुझाने का प्रयास किया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने भी व्यापारियों के साथ मिलकर आग बुझाई, जिससे आसपास की दुकानों में आग लगने से बचा सकें। वहीं काफी देर बाद पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कई घंटों बाद आग पर पूरी तरह से काबू पाया। इस घटना में दुकानदार का लाखों का नुकसान बताया जा रहा है। आग की घटना के दौरान आसपास के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। वहीं आग में इनवर्टर और दो सिलेंडरों के फटने की बात भी बताई जा रही है। जिससे आसपास के व्यापारियों में दहशत का माहौल बना हुआ था। घटना में दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान भी जलकर राख हो गया।

चार ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 04 ग्राम पंचायतों में भाजपा नेता चंद्रमौली सिंह द्वारा कराया गया क्रमशः मयास, नदियांवा, पिण्डरा महराज व पिण्डारा ठाकुर में किया गया। इस अवसर पर योजनाओं के स्टॉलों को लगाया गया एवं इन स्टॉलों पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गये पात्र लाभार्थियों का नामांकन किया गया तथा इस अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के दौरान डे नोडल अधिकारियों द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं जनसामान्य को पंचप्रण की शपथ दिलाई। मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत सरकार के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित व्यक्तियों द्वारा प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में अपने-अपने अनुभवों को बताया गया एवं इस अवसर पर एल0ई0डी0 वीडियो वैन के माध्यम से मा0 प्रधानमंत्री का रिकॉर्ड किया गया संदेश जनसामान्य को दिखाया गया। उक्त कार्यक्रम में विभिन्न विभागों क्रमशः राजस्व विभाग द्वारा भूमि विवाद से सम्बन्धित राजस्व चौपाल, पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, खादी ग्रामोद्योग, जल जीवन मिशन, एन0आर0एल0एम0, बाल विकास, पेंशन, स्वास्थ्य विभाग सहित कई अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अद्यतन योजनाओं व जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए अब तक संचालित योजनाओं से वंचित जनसामान्य के आवेदन कराते हुए उन्हें सम्बन्धित योजनाओं के तहत लाभान्वित किया गया। इस दौरान विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा गीत, नाटक आदि प्रस्तुत किया गया।

अमेठी में सपाइयों ने मनाया डिंपल यादव का जन्म-दिन

अमन लेखनी समाचार

गौरीगंज, अमेठी। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सीएम अखिलेश यादव की धर्मपत्नी एवं कन्नौज सांसद डिंपल यादव का 43वां जन्मदिन शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। सपाइयों ने केक काटा और मिठाई बांट कर बधाई दी। अमेठी जिले में स्थित गौरीगंज में समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सांसद डिंपल यादव का 46 वां जन्मदिन मनाया गया। सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने साथियों के साथ केक काटा। उन्होंने कहा कि वह प्रदेश की महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। राजनीति में बिना शोरशराबा किए महिलाओं के मुद्दों को उठा रही हैं। सपा के विधानसभा अध्यक्ष जगदीशपुर सोनू अंसारी ने डिंपल यादव का जन्म-दिन केक काटकर मनाया उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल कर रही लड़कियों को रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार उनकी बड़ी योजना सपा सरकार में ही थी, सपा कार्यकर्ताओ ने 2024 मे इंडिया गठबंधन की केंद्र में सरकार बनाने का संकल्प लिया।सपा की पूर्व महिला जिलाध्यक्ष मीना सिंह ने अपने आवास पर कार्यकताओं के साथ मिठाइयां बांट कर डिंपल यादव के दीर्घायु होने और स्वस्थ रहने की दुआ मांगी। मीना सिंह ने कहा कि उन्होंने संसद के भीतर महिलाओं के हितों की लड़ाई लड़ी है और महिला मुद्दों को मुखरता से उठाया है। सपा के जुझारू नेता जावेद खान ने सिंहपुर में अपने साथियों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया। सभी ने उनके दीर्घायु होने की कामना की। उन्होंने केक काटकर सभी को खिलाया। इसके बाद उन्होंने आर्मी दिवस पर सभी को बधाई दी। इस मौके पर भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता और जनमानस मौजूद रहा। वहीं गौरीगंज स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर डिंपल यादव के जन्मदिन मनाने में राम केवल यादव, चंद्रशेखर यादव जिला उपाध्यक्ष,महेंद्र यादव, दीपू तिवारी, मुकेश विश्वकर्मा, ओम प्रकाश, अनिल यादव, रोहित बाल्मीकि, दिनेश कुमार, रिजवान अहमद आदि मौजूद रहे।

बलरामपुर में अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटर सीज

- स्वास्थ्य विभाग ने अचानक छापा मारकर की कार्रवाई, मेडिकल स्टोर कराया बंद

अमन लेखनी समाचार

बलरामपुर, बलरामपुर जिले में अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम एवं अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर शिकंजा कसने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान शुरू किया गया है। इसी अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग ने श्रीदतगंज में अवैध रूप से संचालित एक अल्ट्रासाउंड सेंटर को सीज किया है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा संतोष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदतगंज के सामने अवैध रूप से संचालित पब्लिक पैथालजी एवम अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापा मारा, जहां बिना प्रशिक्षित चिकित्सक एवम बिना रजिस्ट्रेशन अल्ट्रासाउंड एवम पैथलॉजी पायी गयी। स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस टीम ने अवैध रूप से संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर को बंद कर उसे सील कर दिया है। दूसरी तरफ औषधि विभाग की टीम ने अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोर पर छापेमारी करते हुए अवैध मेडिकल स्टोर को सील कर दिया है। जिले के रेहरा बाजार के रामपुर अरना में औषधि निरीक्षक आलोक त्रिवेदी तथा औषधि निरीक्षक रजिया बानो के साथ खान मेडिकल स्टोर पर पहुंचे जहां पर बिना लाइसेंस संचालित मेडिकल स्टोर मिला मेडिकल स्टोर से करीब एक लाख की दवाई भी जप्त की गई है।

अनूपशहर में निजी अस्पताल की लापरवाहीसे नवजात की मौत

बाहर से सर्जन बुलाने के नाम पर जमा कराए 40 हजार, कर दिया खुद ऑपरेशन

अमन लेखनी समाचार

अनूपशहर, अनूपशहर के बाईपास रोड स्थित एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन से प्रसव के दौरान एक नवजात की मौत का मामला सामने आया है। वहीं दूसरी ओर महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर किया है. जहां गंभीर अवस्था में महिला का इलाज चल रहा है। मौके पर मौजूद परिजनों द्वारा नर्सिंग होम संचालक व कर्मियों पर गलत ऑपरेशन करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया गया। महिला की सास द्वारा एसडीएम अनूपशहर नवीन कुमार को शिकायती पत्र देकर नर्सिंग होम संचालक पर कार्रवाई करने की मांग की गई है। एसडीएम को दिए प्रार्थना पत्र में गांव सिसौना टांडा थाना राजपुर निवासी सुनहरी देवी ने बताया कि उन्होंने अपने पुत्रवधू नीरज को डिलीवरी के लिए अनूपशहर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। नर्सिंग होम संचालक ने उनसे ऑपरेशन किए जाने की बात कही।एवं बाहर से सर्जन बुलाने के नाम पर 40 हजार रुपए भी जमा कराये। किंतु बाहर से कोई सर्जन नहीं आया। नर्सिंग होम संचालक व कर्मियों ने स्वयं ही उनकी पुत्रवधू का ऑपरेशन किया।

जाति-प्रमाण पत्र को लेकर कोरी-समाज के लोगों ने की प्रदर्शन

- तहसील में लोगों ने प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

अमन लेखनी समाचार

सरधना, मेरठ के सरधना तहसील परिसर में जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग को लेकर तीन दिन से धरने पर बैठे कोरी समाज के लोगों ने प्रशासन के खिलाफ हंगामा करते हुए प्रदर्शन किया। लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं कोरी समाज के लोगों ने कहा कि अगर 24 घंटे में कोरी समाज के जाति प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जाते तो वह एसडीएम कार्यालय के सामने आत्मदाह के लिए मजबूर होंगे। धरना दे रहे कोरी समाज के लोगों का कहना है कि जाति प्रमाण पत्र जारी न होने के कारण उनके बच्चे किसी भी सरकारी नौकरियों में शामिल नहीं हो पा रहे हैं।जिसको लेकर उनके बच्चों तथा समाज के अन्य युवाओं का भविष्य अंधकार में नजर आ रहा है। दिन और रात ठिठरती सर्दी में खुले आसमान के नीचे धरना दे रहे पुरुष और महिलाओं में प्रशासन के प्रति रोष व्याप्त है। धरना दे रहे कोरी समाज के लोगों ने बताया कि प्रशासन उन्हें बार-बार गुमराह कर रहा है। उनको प्रमाण पत्र जारी करने का आश्वासन दे रहा है। लेकिन कोई भी कार्रवाई प्रमाण पत्र जारी करने की अमल में नहीं लाई जा रही है।

संक्षेप

बाइक रोककर युवकों ने की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

भरूआ सुमेरपुर। क्षेत्र के ग्राम बरुआ में बाइक से जा रहे युवकों को दो युवकों ने रोककर गाली गलौजकर जमकर पीटा। पुलिस ने शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज किया है। बरुआ निवासी दीपू सिंह ने बताया कि वह बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में गांव निवासी सुरेंद्र यादव एवं चुनुबाद ने उसे रोककर गाली गलौज कर जमकर पीटा और चले गए। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर गाली गलौज व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

मोबाइल चोरी के आरोप लगाकर की मारपीट

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। चंद्रपुरवा बुजुर्ग में दो युवकों ने एक युवक पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाकर जमकर पीटा। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। चंद्रपुरवा बुजुर्ग के निवासी मुकेश ने बताया कि गांव निवासी देवदत्त एवं सुनील ने मोबाइल चोरी का झूठा आरोप लगाकर उसको गाली गलौज कर पीटा। पुलिस ने तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया है।

दरवाजे पर बैठी महिला से की गाली गलौज

भरुआ सुमेरपुर। बीती रात घर के बाहर बैठी महिला से गांव के चार लोगों ने गाली गलौज कर शराब पीने के लिए रुपए की मांग की मना करने पर अभद्रता करते हुए जान से मार देने की धमकी देकर चले गए। चंद्रपुरवा बुजुर्ग निवासी हिरिया पत्नी लाल बहादुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में अवगत कराया है कि बीती रात वह घर के बाहर बैठी थी तभी गांव निवासी शिवनारायण अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ आया और गाली गलौज करते हुए शराब पीने के लिए रुपए की मांग की। मना करने पर अभद्रता करते हुए जान? से मारने की धमकी देकर चले गए। फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी इंचार्ज राहुल मिश्रा ने बताया कि जांच की जा रही है।

महिला हेल्प डेस्क लाइन ने मुंडेरा में आयोजित की चौपाल

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। पुलिस महिला हेल्प डेस्क लाइन की कर्मियों ने क्षेत्र के ग्राम मुंडेरा में चौपाल का आयोजन करके बच्चियों को गुड टच, बैड टच के बारे में विस्तार से बताकर गांव की वृद्ध गरीब महिलाओं को कंबल वितरित किए। कड़कड़ाती ठंड में कंबल पाकर वृद्ध महिलाओं के चेहरे खिल उठे। थाने की महिला हेल्प डेस्क लाइन में तैनात महिला सिपाही शिवानी चौहान, सौम्या चौहान, रश्मि तिवारी ने पीआरडी सुनीता के साथ मुंडेरा गांव में चौपाल का आयोजन करके छात्राओं के साथ गांव की किशोरियों को जागरूक करके सरकार की योजनाओं की रूबरू कराया। बाद में गांव की वृद्ध गरीब महिलाओं के मध्य कंबल वितरित किए। कंबल पाकर गरीब महिलाओं के चेहरे खिल उठे

विराट क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य आयोजन किया गया

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर :मौदहा क्षेत्र के इचौली के जय मां शीतला ग्राउंड में विराट क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य आयोजन किया गया जिसमें उद्घाटन मैच फत्तेपुरवा एवं गुसियारी के मध्य खेला गया फत्तेपुरवा टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चौदह ओवर मे ऑलआउट होकर 110 रनों का स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में शुरूआती झटकों के कारण गुसियारी की टीम ने अठारह ओवर मे 6विकेट खोकर 111रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की ह्लअरबाज को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच दिया गया कमेंट्रेटर अनुरुद्ध शुक्ला, रामशरण पाल व अनुज शुक्ला अम्पायर रहे मुख्य अतिथि के रूप में वर्तमान जिला पंचायत सदस्य विपिन बिहारी पांडे ,अमित तिवारी, ग्राम प्रधान इचौली गंगादीन वर्मा जी,समाज सेवी हरि विलास शिवहरे बिल्लू भैया, कमेटी अध्यक्ष फूलचंद तिवारी, मूलचंद तिवारी, मोनू बाजपेई अनिरुद्ध शुक्ला शिवाकांत शुक्ला राजा बाबू यादव श्यामू शुक्ला अखिलेश अर्पित आदि लोग उपस्थित रहे

मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस द्वारा प्रतिदिन चलाया जा रहा महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

महिला सशक्तिकरण के दृष्टिगत महिलाओं/बलिकाओं को किया जा रहा जागरूक

समस्त थानों की महिला पुलिसकर्मियों व एन्टीरोमियो टीम द्वारा मंदिर, बाजारों, प्रमुख मार्गो, स्कूल/कॉलेजों आदि पर की जा रही चेकिंग

बेवजह घूमने वाले मनचलो/सोहदों की चेकिंग कर दी जा रही कड़ी चेतावनी

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं / बेटियों को स्वावलंबी और सुरक्षित बनाने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में जागरुक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम करते हुए उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से एक समग्र अभियान मिशन शक्ति अभियान का चतुर्थ चरण चलाया जा रहा है । इसी क्रम में आज दिनांक 15.01.2024 को नारी सुरक्षा/ नारी सम्मान /नारी स्वावलंबन के प्रति पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की शक्ति दिदि/ महिला बीट आरक्षियों/एण्टीरोमियों टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत अपने-अपने बीट/गांव/ स्कूल/कॉलेज में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों की सुनवाई की गयी तथा ह्लमिशन शक्तिह्व के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं/ महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरीत कर जागरूक किया गया ।

प्रशासन के सराहनीय प्रयास से खोया बच्चा मिला वापस

चौकी प्रभारी धीरेंद्र पांडे रहे इस सराहनीय कार्य का हिस्सा

अमन लेखनी समाचा/शोभित शुक्ला

फतेहपुर जनपद फतेहपुर में दिनांक 14 जनवरी को समय करीब रात्रि 8 बजे सियाराम पुत्र चंद्रपाल निवासी झाउपुर थाना राधा नगर जनपद फतेहपुर ने सूचना दी कि आज शाम करीब 05.00 बजे उसका पुत्र अंश उम्र लगभग 04 वर्ष खेल खेल में घर से निकल गया है अब मिल नही रहा है इस सूचना पर प्रभारी निरीक्षक थाना राधा नगर व चौकी प्रभारी राधा नगर मय पुलिस टीम के द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए 01 घंटे के अंदर खोए हुए बच्चे को खोज कर परिवार को सुपर्द कर दिया गया पुलिस के इस कार्य से बच्चे के परिवारजनों द्वारा पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की आखिर पुलिस ने अपनी ड्यूटी को बखूबी निभायो

हैंडपंप खराब पानी के लिए लोग परेशान

बीते 15दिन से खराब हैण्ड पम्प से लोग एक किलोमीटर दूर से लाते हैं पीने का पानी

अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर /सरकार पेयजल आपूर्ति के लिए लाखों रुपया ग्राम पंचायतों में प्रति वर्ष खर्च कर रही है पर समस्याय जस की तस बनी हुई हैं जिला मुख्यालय से महज 20 किलोमीटर कस्बा बांसी में पेय जल व्यवस्था चरमराई हुई है ग्रामीणों का कहना है पिछले 15दिन से हैंडपंप खराब होने के कारण मुहल्ले वासी काफी परेशान हो रहे हैं मुहल्ले वासियों ने हैंडपंप सुधरवाने हेतु कई बार ग्राम प्रधान और सचिव को अवगत कराया पर जिम्मेदारों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है आलम यह है की निराश मुहल्लेवासी अन्य दूसरे हैण्ड पम्प जो लगभग एक किलोमीटर दूर सेपानी लाना पड़ता है कई दिनो से खराब हैंडपंप से मुहल्ले वासियों में आक्रोश बड़ता जा रहा है मुहल्लेवासियों ने जिला अधिकारी से हैंडपंप सुधरवाने की मांग की है।

संक्रांति पर्व के अवसर पर खिचड़ी का वितरण किया गया

कुरारा, हमीरपुर। स्थानीय सदर बाजार में व्यापार मंडल द्वारा मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर खिचड़ी का वितरण किया गया। मुख्य बाजार कुरारा में व्यापार मंडल द्वारा खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। राहगीरों को व वहां मौजूद लोगों को खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रीराम गुप्ता, अक्कू महाराज, टेनी सोनी, छोटे गुप्ता, रवि गुप्ता, श्यामदास विश्वकर्मा, जीतू सेंगर, लल्ला तिवारी, कुंजबिहारी पाण्डे आदि ने मौजूद रहकर सहयोग किया।

अक्षत व मंदिर के चित्र का वितरण किया गया

कुरारा, हमीरपुर। विकास खंड क्षेत्र के परसी डेरा गांव में अयोध्या में होने जा रहे श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम के अक्षत व मंदिर के चित्र का वितरण किया गया। क्षेत्र के शंकर पुर गांव के मजरा परसी डेरा गांव में गांव निवासी धीरेंद्र निषाद द्वारा घर घर जाकर श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम के लिए अक्षत व मंदिर के चित्र का वितरण किया। तथा इस दिन को दीवाली उत्सव की तरह मनाए जाने का निमंत्रण दिया।

यूपी सक्रिय रूप से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन

एबीडीएम के तहत डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को अपनाने के लिए प्रयत्नशील

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) द्वारा देश भर में स्थापित की जाने वाली 100 माइक्रोसाइट परियोजनाओं में से 35 माइक्रोसाइट परियोजनाओं का क्रियान्नवयन जो कि कुल संख्या का लगभग एक तिहाई है, उत्तर प्रदेश में किया जारहा है।

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को व्यापक रूप से अपनाने में तेजी लाने और स्वास्थ्य देखभाल को आम जनमानस हेतु अधिक सुलभ एवं समावेशी बनाने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम), उत्तर प्रदेश, ने चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश के अंतर्गत सोमवार को एक कार्यक्रम के दौरान 35 माइक्रोसाइट्स कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा कि गई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) ने जुलाई 2023 में एबीडीएम के तहत 100 माइक्रोसाइट्स परियोजना की घोषणा की थी। निश्चित तौर पर 35 माइक्रोसाइट्स कार्यक्रम के तहत रोगियों, स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं और स्वास्थ्य सुविधाओं सहित सभी स्वास्थ्य हितधारकों को डिजिटल माध्यम से जोड़ने से सभी को इसका लाभ मिलेगा। विशेष रूप से मरीजों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने और स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुंच को आसान बनाने का राज्य का सपना जल्द ही साकार होगा।

उत्तर प्रदेश में 35 माइक्रोसाइट्स के उद्घाटन के दौरान इस बात की पुष्टि करते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा ने इसे ₹राज्य में स्वास्थ्य सेवा सुविधायों में क्रांति लाने के लिए सरकार के सहयोगात्मक प्रयास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर₹ बताया। माइक्रोसाइट्स के उद्देश्य के बारे में बात करते हुए प्रमुख सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि ₹परियोजना का उद्देश्य क्लीनिक, पॉलीक्लिनिक, अस्पताल, प्रयोगशाला और फामेर्सी सहित सभी निजी सुविधाओं को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत एकीकृत करना, लोगों को इसकी जानकारी देकर सशक्त बनाना, स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के लिए प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और पूरे देश में स्वास्थ्य सेवाओं में समग्र सुधार लाना है।"

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के मिशन निदेशक श्री रंजन कुमार ने कहा कि इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि उत्तर प्रदेश आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को अपनाने में देश में एक मॉडल के रूप में उभर रहा है। 45000 से अधिक एचपीआर (हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्री), 6.4 करोड़ से अधिक आभा कार्ड बनाकर राज्य पूरे देश में शीर्ष स्थान पर है । साथ ही 40,000 एचएफआर (हेल्थकेयर सुविधा पंजीकरण) करके देश में दूसरे स्थान पर है।

परियोजना के उद्देश्यों के बारे में प्रस्तुतीकरण देते हुए मिशन निदेशक और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन उत्तर प्रदेश के संयुक्त निदेशक डॉ. मोहित सिंह ने कहा कि निजी क्षेत्र के प्रदाताओं में जागरूकता बढ़ाने और ₹मरीजों और प्रदाताओं दोनों के लिए इसके विभिन्न लाभों को प्रदर्शित करने₹ के लिए माइक्रोसाइट्स को लागू किया जा रहा है। लाभों के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्होंने बताया कि इससे मरीजों को सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि उन्हें अनावश्यक लाइन में नहीं लगना पड़ेगा और ओपीडी सेवाओं का लाभ उठाने में कहीं अधिक सहूलियत होगी। साथ ही मरीजों और प्रदाताओं दोनों के समय की बचत होगी। ऑनलाइन अपॉइंटमेंट के जरिये अस्पताल में डिजिटल भर्ती और डिस्चार्ज की प्रक्रिया सुलभ होगी और मरीजों के स्वास्थ्य संकेतकों को ट्रैक करने की क्षमता बढ़ेगी , ₹अब पूरा जोर मरीज के अनुभव को बेहतर बनाने पर होगा।₹

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के ढांचे के बारे में बताते हुए बीएमजीएफ इंडिया कंट्री ऑफिस के राज्य स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण के उप निदेशक डॉ. देवेंद्र खंडैत ने कहा कि माइक्रोसाइट एक लक्षित पहल है जो क्लीनिक, अस्पताल और प्रयोगशाला जैसी छोटे और मध्यम वर्ग के निजी स्वास्थ्य सुविधाओं के सामने आने वाली चुनौतियों को दूर करने के लिए अनुकूलित हस्तक्षेप प्रदान करती है। और इस प्रक्रिया में राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र में उनका एकीकरण सुनिश्चित करती है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण, भारत सरकार के श्री ओम प्रकाश और नरेंद्र सिंह ने 35 माइक्रोसाइट्स को लागू करने और राज्य के सबसे दूरस्थ और अंतिम नागरिक तक डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के लाभ की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए राज्य आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन इकाई और राज्य स्वास्थ्य प्रणाली के प्रयासों और प्रतिबद्धता की सराहना की। श्री सिंह ने कहा कि राज्य स्वास्थ्य प्रणाली द्वारा भागीदारों और एजेंसियों के चयन से लेकर कार्यान्वयन, निगरानी, समीक्षा और फंड जारी करने जैसे सभी निर्माण खंडों को सुनिश्चित करने, विकास भागीदारों द्वारा राज्य स्वास्थ्य प्रणाली को सहयोग करने, क्षमता निर्माण और अनुभव को प्राप्त कर उसका उपयोग आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन अडाप्शन कि गतिविधियों मे करने से सम्पूर्ण हेल्थ इको सिस्टम मे एक बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

उत्तर प्रदेश तकनीकी सहयोग इकाई के जॉन एंटनी ने कहा कि इस परियोजना का कार्यान्वयन मुख्य रूप से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सहयोग से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन उत्तर प्रदेश द्वारा किया जा रहा है। उक्त गतिविधि मे डेवलपमेंट पार्टनर के रूप में पाथ, डब्ल्यू जे सी एफ, पिरामल व आईआईसी संस्थाएं और इंटरफेसिंग एजेंसियों में डॉक्टर्स फॉर यू और एचएलएफपीपीटी शामिल हैं और ये एजेंसियां लंबे समय से राज्य स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र में काम कर रही हैं।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, उत्तर प्रदेश (एबीडीएम, यूपी) कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश में 35 माइक्रोसाइट्स लॉन्च कार्यक्रम में बिल एंड मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन और उत्तर प्रदेश तकनीकी सहयोग इकाई द्वारा सहयोग किया गया।

श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मकर संक्रांति मनाकर किया खिचड़ी वितरण

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। मकर संक्रांति का पर्व सुमेरपुर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में परंपरागत ढंग से श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। सुमेरपुर में जगह-जगह खिचड़ी वितरण कराया गया। मकर संक्रांति का पर्व सभी क्षेत्रों में परंपरागत ढंग से श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। लोगों ने तड़के से ही नदी सरोवरों में स्नान करके मठ मंदिरों में पहुंचकर पूजन अर्चन के साथ दान पुण्य किया। सुमेरपुर कस्बे में गाते बाबा स्थान के बाहर गणेश सेवा समिति ने खिचड़ी वितरण किया। यहां पर व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू, सोनू तिवारी, अनुज गुप्ता, बालगोपाल गुप्ता, अभिषेक कुमार, संजय ओमर, बाबू सोनी, अरविंद कुमार, सरदार धुरिया, राजू सोनी, कृष्णा गुप्ता, शुभम शिवहरे आदि मौजूद रहकर सहयोग किया। इसी तरह बस स्टैंड के समीप भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश मंत्री कृष्ण कुमार गुप्ता रामू के नेतृत्व में खिचड़ी वितरण कराया गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष अरिमर्दन सिंह, शिवशंकर गुप्ता, सुशील शुक्ला, पदमपति सिंहानिया आदि मौजूद रहे।

कोहरे के कारण सड़क छोड़ गड्ढे मे पंहुची एंबुलेंस

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। सफेद चादर ओढ़े कोहरे के चलते हाईवे में दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती रात मरीज को लेकर आ रही सरकारी एंबुलेंस भी कोहरे की चपेट में आ गई और सड़क से उतरकर गड्ढे में जा गिरी। जेसीबी की मदद से बडी मुश्किल से उसे सड़क पर पहुंचाया गया। मरीज लेकर आ रही सरकारी एंबुलेंस सेवा नेशनल हाईवे में घने कोहरे की चपेट में आ जाने से मौदहा कस्बे के पास बीएसएनएल टावर के निकट मोड़ते समय सामने से कुछ न दिखाई देने पर गहरे गड्ढे में जा गिरी। जिससे मरीज व एंबुलेंस स्टाफ में हड़कंप मच गया। आनन फानन में एंबुलेंस कर्मियों ने अपने उच्च अधिकारियों से इस मामले को अवगत कराते हुए जल्द ही समस्या के समाधान की मांग की। तब प्रशासनिक अधिकारियों ने जेसीबी की मदद से एंबुलेंस सेवा को किसी तरह गड्ढे से निकलवाकर सड़क में पंहुचाया। इसके बाद वहां मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। खास बात यह रही कि इस पूरे प्रकरण पर कोई भी जनहानि नहीं हुई।

दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांवपेंच

मौदहा हमीरपुर ।हर साल मकर संक्रांति के मौके पर आयोजित किए जाने वाले अखिल भारतीय दंगल में पहलवानों ने अपने दांवपेंच दिखाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया कार्यक्रम का आयोजन ग्राम प्रधान ने किया जबकि मुख्य अतिथि रामदेव सिंह रहे। विकास खण्ड के गऊघाट छानी में हर साल मकर संक्रांति के मौके पर आयोजित किए जाने वाले अखिल भारतीय दंगल का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय और बाहरी पहलवानों ने अपने दांवपेच दिखाकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के वरिष्ठ नेता रामदेव सिंह रहे ।जबकि कार्यक्रम का आयोजन ग्राम प्रधान रामप्रकाश पाल ने किया ।इस दौरान वीरेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान खैर जगतपाल सिंह, ग्राम प्रधान भमई विष्णु करण, ग्राम प्रधान भटुरी विजय सविता, बीडीसी बबलू सिंह, प्रधानाचार्य अनवर खान, सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

ट्रक चालक की पत्नी ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। बीते नौ जनवरी की रात कबरई से गिट्टी लादकर कानपुर जा रहे ट्रक चालक के हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद ट्रक मालिक पुलिस से सांठगांठ बनाकर ट्रक लेकर रफूचक्कर हो गया। चालक कानपुर के एक निजी अस्पताल में जीवन मृत्यु से संघर्ष कर रहा है। चालक की पत्नी ने पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज कर ट्रक मालिक के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है। पचखुरा बुजुर्ग निवासी रतना यादव ने पुलिस अधीक्षक को भेजे पत्र में अवगत कराया है कि उसका पति सुनील यादव 31 वर्ष कानपुर जनपद के वीरपुर घाटमपुर निवासी संजय चौहान का ट्रक संख्या यूपी 78 एचएन 7417 चलाता था। गत नौ जनवरी की रात 2 बजे कबरई से कानपुर जाते समय हाईवे पर कुछेछा के पास हादसे का शिकार हो गया था। पुलिस चौकी कुछेछा के सिपाहियों ने ट्रक से निकालकर अस्पताल पहुंचाया था। पीड़िता का आरोप है कि ट्रक मालिक ने उसके पति का बगैर उपचार कराये पुलिस से सांठगांठ बनाकर ट्रक लेकर चला गया है। पीड़िता ने एसपी से ट्रक मालिक के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

22 जनवरी तक होगें सांस्कृतिक कार्यक्रम

मौदहा। आगामी 22 जनवरी को रामलला मंदिर में हो रही प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए सूबे के मुख्यमंत्री के आदेशानुसार नगर पालिका द्वारा साप्ताहिक कीर्तन भजन कार्यक्रम का आयोजन शुरू किया गया है। बताते चले कि 22 जनवरी तक रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन तक नगर पालिका द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कीर्तन भजन का आयोजन बड़ी देवी मंदिर में आयोजित किया गया है। जो सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक हो रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के सहसंयोजक मुकेश पालीवाल ने फीता काटकर किया। इसके बाद महोबा जनपद से आये सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों के द्वारा कस्बे के बड़ी देवी मंदिर परिसर में कार्यक्रम की शुरूआत की गई। नगर पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार नगर में राम जानकी मंदिर में श्री राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान जी की मूर्तियों की साफ सफाई के साथ विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन एक सप्ताह तक अनवरत चलेगें। जिसकी शुरूआत कस्बे में की गई है।

पांचवे दिन मिला लापता युवक का शव

पुलिस प्रशासन व एसडीआरएफ टीम के अथक प्रयास के बाद नही मिला था शव

पुनः पुलिस प्रशासन ने शव को बरामद करने के लिए कसी कमर

जाल डालकर किया गया प्रयास, मिली सफलता।

ग्रामीणों ने शव को निकाला नदी के बाहर।

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के जाफरगंज थाना अंतर्गत शिवपुरी के नजदीक रामघाट में 10 जनवरी को रामघाट नदी में स्नान करने गया युवक मितेश कुमार उम्र 26 वर्ष निवासी शिवपुरी थाना जाफरगंज रिंद नदी से अचानक लापता हो गया था ।लापता युवक के कपड़े घाट के किनारे रखे मिले थे। लापता होने के पश्चात परिजनों ने नजदीकी रिपोर्टिंग चौकी देवरी में सूचना दी थी जिस पर चौकी प्रभारी सुमित कुमार तिवारी , उबैद उल्ला दीवान अपने हमराही आरक्षियों समेत एसडीआरएफ की टीम के साथ युवक मितेश को ढूंढना प्रारंभ कर दिया था लेकिन चार दिन बीतने के पश्चात भी युवक का कोई पता नहीं चला जिस पर शनिवार को मीडिया टीम घटना स्थल पर इस घटना का मुआयना करने पहुंची थी तो देखा की टीम एसडीआरएफ टीम अपने अथक प्रयासों में पुलिस टीम के साथ लगी हुई थी वही जब मीडिया टीम ने एसडीआरएफ की टीम से इस घटना के बारे में बात की तो उन्होंने बताया की चार दिनों से लगातार सर्च अभियान शुरू है लेकिन अभी कोई सफलता नहीं मिली है ।आपको बताते चले की मितेश कुमार चार बहनों के बीच मे अकेला भाई था। पर पुलिस ने इस हादसे को चैलेंज मानते हुए प्रयास जारी रखा, और पुनः नदी में जाल डालकर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रखा, ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बरामद कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया है इस पर देवरी चौकी प्रभारी सुमित प्रभारी के अनुसार शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। आगे की कानूनी कार्यवाही पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार पर की जायेगी।

प्रधान मंत्री आवास की जांच अधर में लटकी

बीते दिनों पूर्व मुख्य विकास अधिकारी ने दिए थे जांच के आदेश

ललितपुर/प्रधानमन्त्री आवास निर्माण को लेकर हुई फेरबदल को लेकर ब्लॉक बिरधा के ग्राम पंचायत रजवारा निवासी अनंत राम पुत्र छलोने ने मुख्य विकास अधिकारी को दिए शिकयती पत्र मैं उसके नाम का आवास 2017मै कागजों में पूर्ण कराने का आरोप लगाया था जिसमे प्रधान और सचिव की मिली भगत से लाभार्थी को केंद्र सरकार द्वारा मिले आवास निर्माण धांधली कर पीड़ित का कागजों में आवास पूर्ण दर्शा कर लाभार्थी को अपात्र खोसित कर दिया जिसकी जांच हेतु खण्ड विकास अधिकारी को आवास जांच हेतु पत्र लिखा पर जांच अधिकारी द्वारा भ्रष्टचार को दबाने की कोशिश की जा रही है वही वर्तमान ग्राम पंचायत सचिव ने जनसुनवाई पोर्टल पर आगे तैयार होने वाली लाभार्थियों की सूचि में नाम जोड़ने हेतु आख्या प्रेषित की पर विभागीय खेल अब हसी कर पात्र बनता दिखाई दे रहा है

मौदहा में मकरसंक्रांति पर स्नान, दान के साथ हुआ खिचड़ी वितरण

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। हमीरपुर।15 जनवरी मौदहा कस्बा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में आज मकरसंक्रांति का पर्व हर्षोल्लास एवं परम्परागत तरीके से मनाया गया जिसमें लोगों ने नदियों में स्नान कर पूजा अर्चना एवं दान-पुण्य किया है वहीं इस मौके पर श्रद्धालुओं द्वारा खिचड़ी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया है।

समूचे देश में अलग अलग तरीके से मनाया जाने वाला मकरसंक्रांति का त्योहार मौदहा कस्बा व क्षेत्र के गांवों में हर्षोल्लास के बीच मनाया गया है। सुबह से ही नदियों, तालाबों में स्नान करने वालों की भारी भीड़ जमा रही है। स्नान के बाद लोगों ने अपनी क्षमता एवं श्रद्धा अनुसार वस्त्र,तिल, खिचड़ी, रूपए पैसों का दान करने के साथ ही मंदिरों में पूजा-अर्चना की है। मौदहा कस्बा के तहसील मार्ग, नेशनल चौराहा, जीजीआईसी चौराहा,गुड़ी बाजार सहित दर्जनों स्थानों पर स्टाल लगाकर श्रद्धालुओं ने खिचड़ी वितरण कार्यक्रम किया है। जहां दिनभर लोगों की लम्बी कतार लगी रही हैं। त्योहार पर किसी तरह के सड़क जाम व शांति एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सड़क किनारे अवैध रूप से सामान फैलाये दुकानदारों पर पुलिस की सख्ती रही है।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक–
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

पैरासाइट' निर्देशक बोंग ने क्यून की मौत की जांच की आवाज उठाई

सियोल। दक्षिण कोरियाई अभिनेता ली सुन क्यून की मौत को लेकर विवाद गहराता ही जा रहा है, बीते साल 27 दिसंबर को अभिनेता अपनी कार में मृत पाए गए थे। वे 48 साल के थे, फिल्म पैरासाइट में अपने अभिनय से ली सुन क्यून ने दुनियाभर में अपनी पहचान बनाई थी। इसके लिए उन्हें ऑस्कर अवॉर्ड भी मिला था। अब जाने-माने निर्देशक बोंग जून-हो ने अन्य कलाकारों के साथ 'पैरासाइट' अभिनेता की मौत की गहन जांच का आग्रह किया है। वहीं, कलाकारों ने मीडिया द्वारा ली के निजी जीवन के सनसनीखेज पहलुओं पर भी चिंता जताई है। 27 दिसंबर को ली सुन क्यून अपनी कार में मृत पाए गए थे, जिसे आत्महत्या माना गया। पुलिस की जांच में अभिनेता के नशीली दवाओं के उपयोग की बात सामने आई थी। एक राष्ट्रीय समाचार चैनल के कॉन्फ्रेंस में ऑस्कर विजेता अभिनेता के साथी कलाकार, जिनमें किम यूई-सुंग समेत अन्य लोग शामिल थे, उन्होंने पुलिस द्वारा बार-बार पूछताछ के लिए बुलाने को लेकर भी सवाल उठाए हैं। इसके साथ ही मीडिया में जांच से संबंधित विवरण के लीक पर भी उन्होंने सवाल खड़े किए हैं। निर्देशक बोंग जून-ने अपने बयान में कहा कि हम संबंधित अधिकारियों से पूरी तरह से गहन जांच करने का आग्रह करते हैं कि क्या पुलिस को जांच में सूचना की सुरक्षा को लेकर कोई समस्या थी। उन्होंने नशीली दवाओं के आरोप में ली के निजी जीवन के पहलुओं को मीडिया द्वारा सनसनीखेज बनाने के बारे में भी आशंका व्यक्त की। निर्देशक ने कहा कि ली को अपने निधन से पहले गहन जांच और चरित्र हनन का सामना करना पड़ा था, जिससे कलाकारों को सुरक्षात्मक कानूनी उपायों की आवश्यकता पर जोर देना पड़ा।

टालीवुड

'केएच-237'से निर्देशन की पारी शुरू करेंगे अंबरीव, कमल ने की घोषणा

चेन्नई। तमिल सुपरस्टार कमल हसन अपनी अदाकारी से लाखों फैंस के दिलों पर राज करते हैं। साउथ ही नहीं, बल्कि उत्तर भारत में उनकी फिल्में काफी ज्यादा पसंद की जाती है। विक्रम के सुपरहिट होने के बाद अब उनके प्रशंसकों को अभिनेता की आगामी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार है। इस बीच सुपरस्टार ने शुक्रवार को एक नई फिल्म की घोषणा कर लोगों को बड़ा तोहफा दिया है। अभिनेता ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस फिल्म का एलान किया है। इसका निर्देशन मशहूर स्टंट कोरियोग्राफर्स अनबरीव करेंगे। फिल्म का नाम अस्थायी रूप से केएच 237 रखा गया है। कमल हासन ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, "केएच237 के लिए निर्देशक के रूप में दो पहले से सिद्ध प्रतिभाओं को उनके नए अवतार में लाने पर गर्व है। मास्टर्स अंबरीव...राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल में आपका फिर से स्वागत है।"आगामी फिल्म अंबुमणि और अरिवुमणि के निर्देशन की पहली फिल्म है, जिन्हें अंबरीव के नाम से जाना जाता है। मेकर्स की ओर से साझा किए केएच 237 अनाउंसमेंट टीजर ने फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है। इसे देखकर कहा जा सकता है कि फिल्म में अभिनेता अलग अंदाज में नजर आने वाले हैं। इस अप्रत्याशित घोषणा के बाद प्रशंसक हैरान रह गए। सोशल मीडिया वे इस टीजर को लेकर जमकर टिप्पणी करते नजर आए। एक यूजर ने उत्साह व्यक्त करते हुए लिखा, ₹एक बड़ी एक्शन फिल्म की उम्मीद है।₹ एक अन्य ने टिप्पणी की, ₹वास्तविक एक्शन में इन्हें महारत हासिल है। कमल हसन और महेंद्रन द्वारा निर्मित केएच 237 अगले साल यानी 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अभिनेता के अपकमिंग प्रोजेक्ट की बात करें तो इस साल उनकी इंडियन 2 की रिलीज होगी। इसके अलावा वे ठग लाइफ की शूटिंग के लिए तैयारी कर रहे हैं, जिसका निर्देशन मणिरत्नम करेंगे। वे नाग अश्विन की कल्कि 2898 एडी में भी नजर आएंगे। प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और दिशा पटानी अभिनीत यह फिल्म मई में रिलीज होगी।

भोजपुरी

रवि किशन की 'महादेव का गोरखपुर' दमदार टीजर लॉन्च

मुंबई। अभिनेता और सांसद रवि किशन की फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' का टीजर शुक्रवार की शाम को फिल्म के मेकर्स ने यूट्यूब चैनल पर लॉन्च किया। फिल्म के टीजर में रवि किशन का जबरदस्त अवतार नजर आ रहा है। यह फिल्म हिंदी, भोजपुरी,तेलुगु, तमिल और कन्नड़ भाषा में एक साथ रिलीज होगी। फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' के टीजर में अभिनेता रवि किशन के दो लुक नजर आ रहे हैं। एक लुक में वह रौद्र रूप में महादेव के अंश के रूप में, तो दूसरे लुक में पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म का टीजर देखने से पता चलता है कि इस फिल्म में दो कालखंड की कहानी दिखाई गई है। फिल्म के टीजर में साल 1727 की घटना का जिक्र किया गया है, जिसमें मुजफ्फर खान के हमले का जिक्र है। टीजर में बताया गया है कि इस संसार में दो ही चीजें शाश्वत हैं, अच्छाई और बुराई, जो कभी नहीं मरते हैं। उनका पुनर्जन्म होता रहता है। शरीर, आत्मा और समस्त जीवन महाकाल का बताया गया है। रवि किशन के एक किरदार को महादेव का अंश बताया गया है। टीजर में आगे दिखाया गया है कि एक पुलिस अधिकारी कहता है, 'यूपी में दो हफ्ते के अंदर कोई बड़ा अटैक प्लान किया जा रहा है।' बाद में रवि किशन की एंट्री पुलिस अधिकारी के रूप में होती है।अभिनेता और सांसद रवि किशन खुद ही महादेव के भक्त हैं। वह कहते हैं, 'फिल्म 'महादेव का गोरखपुर' एक शानदार फिल्म बनी है।

केल्विन का कलेक्शन

अमेरिका के फैशन डिजाइनर केल्विन क्लेन ने पिछले दिनों मुंबई कलेक्शन लॉन्च में धूम मचा दी। दिशा पटानी ने इनके सिग्नेचर लोगो ब्रैलेट और लाइट वॉश जींस की एक जोड़ी को मॉडल किया। इस कार्यक्रम में मोनिका डोगरा का लाइव संगीत भी शामिल था और इसमें रैचेल बायरोस, सोनालिका सहाय, प्रभ उप्पल और रबने जामसंडेकर सहित फैशन स्टाइलिस्ट, मॉडल और प्रभावशाली लोगों ने भाग लिया। केल्विन क्लेन के कलेक्शन को यहां खूब सराहा गया।

चेहरे को चमकाएंगे अनार से बने ये फेस पैक, जानें बनाने का तरीका

घर पर ही अनार का फेसपैक बना कर दमकती त्वचा पा सकते हैं। इसके लिए अनार और पपीते का पेस्ट बनाकर इसे चेहरे पर आधे घंटे के लिए लगाएं। इसके बाद इसे सादे पानी से धो लें। हफ्ते में दो बार इस पैक को लगाने से आपके चेहरे के दाग-धब्बे दूर हो जाएंगे। इससे आपकी स्किन खिली-खिली भी रहेगी। अक्सर लोग मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल क्लींजर की तरह करते हैं। ऐसे में आप अनार के साथ इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए अनार के रस में एक घंटे के मुल्तानी मिट्टी को भिगो कर रख दें। जब ये फूल जाए तो

थोड़ा सा रस और मिलाकर इस पैक को चेहरे पर लगाएं। आधे घंटे के बाद चेहरे को धो दें। इस पैक को बनाने के लिए आपको एक चम्मच एलोवेरा जेल में एक चम्मच कॉफी पाउडर और अनार का रस मिलाना है। इसके बाद इसमें थोड़ा सा शहद मिलाकर इसे अच्छे से मिक्स करें। कुछ समय के लिए इस पैक को चेहरे पर लगाएं और फिर चेहरा धो दें। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा। वैसे तो एवोकाडो काफी महंगा आता है, लेकिन अगर दमकती त्वचा पाना चाहते हैं, तो इसका इस्तेमाल अवश्य करें ।इसके लिए आपको बस एवोकाडो को मैश करके इसमें अनार का पेस्ट अच्छे से मिलाना है। इसे अपने चेहरे पर लगाकर आप ग्लोइंग त्वचा पा सकते हैं।

पैरों की ड्राईनेस को कम करेगा कच्चा दूध, जानें कैसे?

पैरों की देखभाल करने के लिए आप बाहरी क्रीम की जगह घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए आप हफ्ते में 2 बार तक पेडीक्योर कर सकती हैं। ड्राईनेस बढ़ने के कारण पैरों की त्वचा में मॉइस्चर खत्म होने लगता है और ऐसा सर्दी के मौसम में ज्यादातर देखा जाता है। इसके लिए आप घरेलू चीजों जैसे कच्चे दूध का इस्तेमाल कर सकती हैं और अपने पैरों की ड्राईनेस को कम कर सही तरीके से पोषण दे सकती हैं। कच्चा दूध त्वचा को मुलायम बनाने में मदद करता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन-ए होता है। कच्चा दूध त्वचा को नमी देने का काम भी करता है। इसके अलावा त्वचा को मॉइस्चराइज रखने में मदद करता है। नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए शहद बेहद फायदेमंद होता है। त्वचा को मुलायम रखने में शहद बेहद मददगार साबित होता है। इसके अलावा यह स्किन को मॉइस्चराइज करने के लिए मदद करता है। पैरों की देखभाल करने के लिए सबसे पहले एक बाउल में 4 चम्मच शहद की डालें। इसमें 3 चम्मच कच्चे दूध की मिलाएं। इन दोनों को अच्छी तरह से मिलाकर पैरों की त्वचा पर लगा लें। पैरों की त्वचा पर कम से कम 30 मिनट तक इसे लगा रहने दें।

पंजाबी सूट में जान डालेंगे दुपट्टे के ये डिजाइंस

पंजाबी स्टाइल सूट के साथ में अक्सर हम हैवी दुपट्टे को स्टाइल करते हैं और इसके लिए डिजाइन भी ट्रेडिशन के हिसाब से ही चुनते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं पंजाबी स्टाइल सूट लुक में जान डालने के लिए सलवार-सूट के लेटेस्ट डिजाइंस और बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लोहड़ी लुक नजर आए सबसे खूबसूरत।

गोटा-पट्टी वर्क दुपट्टा डिजाइन

आजकल गोटा-पत्ती डिजाइन काफी चलन में नजर आ रहा है। वहीं इसमें आप खुद प्लेन दुपट्टे का फैब्रिक खरीदकर अलग से गोटा-पत्ती लेस का इस्तेमाल कर सकती हैं। इस तरह की गोटा-पट्टी लेस आप चाहे तो सूट पर भी लगवा सकती हैं। दुपट्टे की लेंथ चुनने के लिए आप अपनी हाइट का खासतौर से ख्याल रखें।

फुलकारी दुपट्टा डिजाइन

पंजाबी स्टाइलिंग में सबसे ज्यादा फुलकारी दुपट्टे को स्टाइल किया जाता है। वहीं इसे बनाने के लिए मल्टी-शेड्स के धागों का इस्तेमाल किया जाता है। इसे तरह के दुपट्टे को आप ब्राइट कलर कॉम्बिनेशन के सूट के साथ पहन सकती हैं। साथ ही दुपट्टे में कलरफुल पोम-पोम वाली लटकन भी लगवा सकती हैं।

वेलवेट दुपट्टा डिजाइन

लोहड़ी का त्योहार सर्दी के मौसम में आता है। ठंड से बचने के साथ-साथ अगर आप स्टाइलिश लुक भी पाना चाहती हैं तो इस तरीके से वेलवेट के दुपट्टे को चुन सकती हैं। इस तरीके का दुपट्टा आप लेस की सहायता लेकर खुद से कस्टमाइज भी करवा सकती हैं।

इसे आप अपनी मर्जी के सूट लुक के साथ पहनें।

'मैन बन' है आपका स्टाइल तो टिप्स आपको बनाएंगे और भी स्टाइलिश

'पुरुषों को बाल छोटे रखने चाहिए' अक्सर यही सुनने को मिलता है और लंबे बाल वाले पुरुषों को इसके चलते दिक्कत भी खूब होती है। लेकिन इसके बाद भी बड़े बाल रखने वाले कई पुरुष हैं। ये वो पुरुष हैं जो लंबे बाल तो रखते ही हैं बन भी बनाते हैं। लेकिन बन सारे पुरुषों पर अच्छा ही लगे ये जरूरी तो नहीं। मगर कुछ खास टिप्स के साथ बन पुरुषों पर अच्छा लगता ही है। ये टिप्स मैन बन को आपके लुक में ऐसा शामिल कराएंगे कि आप इन्हें आसानी से स्टाइल करेंगे और लोगों की तारीफ़ भी सुनेंगे।

'मैन बन' बनाने के आसान टिप्स

'मैन बन' यानी पुरुषों के लंबे बालों पर सजा बन। अगर ये स्टाइल रखने से आप अभी तक पीछे हट रहे थे तो अब आप इन स्टाइल को खास टिप्स के साथ आजमा सकते हैं-

कैसे-कैसे 'मैन बन'

बालों का जूड़ा स्टाइल ही 'मैन बन' है लेकिन ये भी कई तरीके के होते हैं जैसे जब बन सिर पर बहुत ऊंचाई पर बनाया गया होता है तो उसे टॉपनॉट कहते हैं। लेकिन जब बन बेहद ढीला बंधा होता है तो उसे फुल बन कहते हैं। जब पुरुष मैन बन बनाने की कोशिश करते हैं तो उन्हें सिर्फ योंहीं बाल पकड़ कर बन बनाने की जरूरत नहीं है बल्कि वे कई तरह के स्टाइल बना सकते हैं।

हाफ अप

जैसा कि नाम से ही पता चल रहा है। इसमें सिर्फ आधे बालों से ही बन बनाया जाता है। ये उन पुरुषों के लिए सही है जिनके बाल सच में लंबे हैं। मतलब बाल पुरुषों के कंधों से भी नीचे हैं तब ही हाफ अप बन अच्छा लगता है।

लो बन

ये बन सिर में पीछे की ओर बनाया जाता है। इसमें बन सिर के क्राउन पर नहीं बनता है। नाम के मुताबिक इसे बिलकुल सिर के पीछे नीचे की ओर बुनया जाता है।

फेड के साथ मैन बन

इसमें सिर में ऊपर के बाल का बन बनाया जाता है। सिर्फ में नीचे के सारे बाल चोट कर दिए जाते हैं। ये बड़े बालों से बिलकुल अलग हो जाते हैं।

नॉर्मल तरीके से साड़ी पहनकर हो गई हैं बोर तो इन टिप्स को करें ट्राई

फैशन

साड़ी स्टाइल करना अगर आपको पसंद है तो इसके लिए आपको अलग-अलग तरीके भी ट्राई करने चाहिए। इससे आपका साड़ी लुक अच्छा लगेगा साथ ही आपको कुछ नए तरीके से साड़ी स्टाइल करने का मौका मिलेगा। इसके लिए जरूरी है कि आप सही ट्रिक्स को अपनाएं। इससे साड़ी अच्छे से बंधेगी साथ ही आप सुंदर लगेगी।

लहंगा स्टाइल साड़ी

आप साड़ी को सिंपल तरीके से पहनने की बजाएं अलग तरीके से भी ड्रेप कर सकती हैं। लहंगा स्टाइल आजकल काफी ट्रेंड में है और अच्छा भी लगता है इस तरीके से साड़ी पहनने के लिए पहले आपको साड़ी में प्लीट्स बनानी होगी और उसे कमर पर अटैच करना होगा। इसके बाद मैचिंग दुपट्टे को पिन करना होगा। इससे आपकी साड़ी बिल्कुल लहंगे स्टइल में बंध जाएगी।

बेल्ट के साथ साड़ी करें स्टाइल

अगर आपको लगता है कि साड़ी में आपकी बेली अच्छी नजर नहीं आ रही है तो ऐसे में आपको जरूरत है बेल्ट (ट्रेडिशनल लुक) की इसे साड़ी के ऊपर स्टाइल करके आप अपने साड़ी लुक को और अच्छा बना सकती हैं। इसके लिए आपको सबसे पहले साड़ी को उसी तरीके से बांधना है जैसे बांधती हैं फिर इसमें बेल्ट को अटैच करना है। इसके बाद कुछ एक्सेसरीज एड करनी है।

स्कर्ट स्टाइल साड़ी करें ड्रेप

अगर आपको साड़ी को अलग तरीके से ड्रेप करना है तो इसके लिए आप स्कर्ट स्टाइल से भी साड़ी को वियर कर (स्लिम लुक के लिए साड़ी स्टाइल टिप्स) सकती हैं। इससे भी वो काफी अच्छी लगेगी। इसके लिए आपको साड़ी में आगे की तरफ प्लीट्स बनानी है और पिन की मदद से सेट करनी है। फिर साड़ी का मैचिंग दुपट्टा लेना है इसे या तो आप हाथों में ले सकती हैं वरना आप चाहे तो दुपट्टे की तरह पिन कर सकती हैं।

इन टिप्स की मदद से आप भी साड़ी स्टाइल करेंगी तो और भी ज्यादा सुंदर नजर आएगी।

कार्नर न्यूज

सेलिब्रिटी अपने फैशन को लेकर रहते हैं निशाने पर

किसी ने 'कंकाल ड्रेस'तो किसी ने पहनी जली-फटी अटपटे फैशन के कारण ट्रोल हुए स्टाइलिश एक्टर्स

सेलिब्रिटी फैशन लोगों को खूब पसंद आते हैं। हम लोग भी खुद को स्टाइलिश बनाने के लिए इनके स्टाइल को फॉलो करते हैं। लेकिन कई बार उनके द्वारा पहनी गई ड्रेस ट्रोलर्स के निशाने पर आ जाती है। इस कारण उनको न जाने क्या-क्या सुनना पड़ता है। आज हम उन्हीं फैशन-स्टाइल के बारे में बात करेंगे। ये सेलिब्रिटी ड्रेस वायरल भी खूब हुई। इस लिस्ट में रणवीर सिंह जैसे अतरंगी फैशन करने वाले एक्टर के अलावा अक्षय कुमार जैसे हीरो भी हैं। इन्होंने अजब-गबज ड्रेस पहनी, जो बहुत कम लोगों को पसंद आई। फटी-जली शर्ट में अक्षय कुमार अक्षय कुमार अधिकतर परफेक्ट ड्रेस पहने दिखाई देते हैं। अक्षय को क्लासी लुक के लिए जाना जाता है। मगर एक बार उन्होंने ऐसी ड्रेस पहनी कि उनके फैंस देखकर हैरान हो गए।



फटी-जली शर्ट में अक्षय कुमार

अक्षय कुमार अधिकतर परफेक्ट ड्रेस पहने दिखाई देते हैं। अक्षय को क्लासी लुक के लिए जाना जाता है। मगर एक बार उन्होंने ऐसी ड्रेस पहनी कि उनके फैंस देखकर हैरान हो गए। इसके बाद सोशल मीडिया पर उनकी ड्रेस को लेकर कॉमेंट होने लगे।'कपड़े तो पहना देता अक्षय जी को' इस तरह के कॉमेंट सुनने को मिले।

करण जौहर कंकाल वाली ड्रेस में

फिल्म निर्माता और निर्देशक करण जौहर अपने अतरंगी फैशन के लिए जाने जाते हैं। अक्सर ट्रोल करने वाले उनका ऐसी ड्रेस में इंतजार करते हैं। हालांकि, करण के लिए ये कोई नया काम नहीं है। वह अधिकतर बार अपनी ड्रेस के कारण कॉमेंट सुनते रहते हैं।

अपारशक्ति खुराना का हैरी स्टाइल

एक्टर अपारशक्ति खुराना अपने फैशन सेंस के कारण चर्चा में रहते हैं। उन्होंने एक बार ऐसा टॉपवियर पहना जिसके बाद लोग उनसे पूछने लगे- भाई कब से रणवीर सिंह को फॉलो कर रहे हो, भाई हैरी को कॉपी कर रहे हो? इस तरह की बातों ने अपारशक्ति के ड्रेस को वायरल कर दिया। इसके अलावा एक बार अपारशक्ति खुराना ने जानबूझकर टैग लगी ड्रेस पहन ली।

दिलजीत की मीडिया प्रिंट वाली शर्ट

गायक और एक्टर दिलजीत दोसांझ का फैशन भी कमाल का होता है। उनकी बोल्ड एंड कलरफुल ड्रेस की तारीफ होती है। मगर एक बार दिलजीत ने ऐसी प्रिंटेड शर्ट पहनी कि उसको लेकर उन्हें ट्रोल किया जाने लगा। उनकी शर्ट पर कई मीडिया हाउस के लोगो प्रिंट किए हुए थे।

रणवीर सिंह की दीपिका वाली ड्रेस

रणवीर सिंह का फैशन ऐसा है कि अगर वह सिंपल दिखने लगें तो यूजर्स उनका हालचाल पूछने लगते हैं। मगर शादी के बाद रणवीर और भी अलग-अलग तरह के लुक में दिखने लगे। एक के बाद एक अजब-गजब ड्रेस पहने दिखे। एक बार रणवीर ने ऐसी ड्रेस पहनी कि लोग पूछने लगे- दीपिका पादुकोण की ड्रेस पहनकर निकल गए क्या? क्योंकि यूजर्स को ऐसा लगा कि रणवीर ने लड़कियों वाली ड्रेस पहन ली है। उनको इस ड्रेस के कारण बहुत कुछ सुनना पड़ा था।